'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 138 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए शनिवार, 03 अगस्त 2024 samachargate@gmail.com

नूंह में 8 सड़कों की मिली मंजूरी

Page 2



# प्रदूषण विभाग के अधिकारी सहित 5.50 लाख की रिश्वत लेते दो गिरफ्तार



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** पलवल प्रदूषण विभाग में तैनात अतिरिक्त पर्यावरण अभियंता व एक ईंट भट्ठा प्रधान को साढे पांच लाख की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो फरीदाबाद की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी एक ईंट भट्ठा मालिक पर को भारी जुर्माने से बचाने की के लिए रिश्वत की मांग कर रहे थे। भट्ठों का प्रधान इसमें अधिकारी की मदद कर रहा था। पीड़ित ने इसकी सूचना एसीबी को दे दी। एसीबी फरीदाबाद ने आरोपियों को साढे पांच लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल एसीबी ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

पलवल निवासी शिवसिंह ने एसीबी को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके ईंट बनाने के भट्ठे हैं। प्रदूषण विभाग में तैनात अतिरिक्त पर्यावरण अभियंता रणदीप संधू उस पर भट्ठे पर मिट्टी के कारण प्रदूषण फैलाने का मामला बनाकर भारी जुर्माना लगाने की बात कह रहा था। इस बारे में उसने भट्ठा प्रधान योगेश से बात की तो योगेश ने बताया जुर्माने से बचने के लिए साढे पांच लाख रुपये रिश्वत देनी होगी। जिस पर एसीबी ने योजना बनाई और एसीबी इंस्पेक्टर श्योरण लाल की अगुआई में टीम का गठन किया गया। पलवल के जिला रोजगार अधिकारी डॉक्टर शक्ति प्रशाद को ड्यूटी मजिस्ट्रेट बनाया गया। भट्ठा प्रधान योगेश ने पाउडर लगे रिश्वत के पैसे ले लिए और रणदीप संधू को देने चला गया। टीम ने दोनो को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रदेश में निकला स्वास्थ्य सेवाओं का जनाजा, जोखिम में डाली लाखों जानें : चौधरी उदयभान

**कांग्रेस सरकार में बने थे 6 मेडिकल कॉलेज, एक मेडिकल यूनिवर्सिटी, एम्स व कैंसर इंस्टीट्यूट: उदयभान**

**बीजेपी ने प्रदेश में नहीं बनवाया एक भी बड़ा मेडिकल संस्थान: उदयभान**

**25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करवाएगी कांग्रेस सरकार: उदयभान**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान ने प्रदेश भर में पिछले कई दिनों से चल रही एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर चिंता जाहिर की है। चौधरी उदयभान ने कहा कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं का जनाजा निकला हुआ है। लोग इलाज के लिए भटकने को मजबूर हो रहे हैं। मांगें पूरी नहीं होने से कर्मचारी आंदोलन करने को मजबूर हो रहे हैं। सरकार को अपनी हठधर्मिता के आगे कर्मचारियों का आंदोलन और जनता का दर्द नजर नहीं आ रहा। जान-बूझकर मरीजों की जान जोखिम में डाली जा रही है। प्रदेश भर में चिकित्सकों के पद खाली पड़े हैं, जिस कारण स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हो रही हैं।

चौधरी उदयभान ने कहा कि प्रदेश में 28500 चिकित्सकों की जरूरत है लेकिन 14 हजार चिकित्सक ही रजिस्टर्ड हैं। यानी स्वास्थ्य सेवाओं में 14500 चिकित्सकों की कमी है। आबादी के हिसाब से एक हजार लोगों पर एक चिकित्सक होना चाहिए, लेकिन हरियाणा में 2035 लोगों पर एक चिकित्सक तैनात है। ऐसे में लोगों को कैसे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी? अस्पतालों में 200 लोगों पर एक बेड होना चाहिये लेकिन 2086 लोगों पर एक बेड मिल रहा है। सीनियर मेडिकल ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर, डेंटल सर्जन के 5253 में से 1100 पद खाली पड़े हैं। भाजपा सरकार ने जो आयुष्मान कार्ड योजना चलाई थी, वह बंद पड़ी है। जिन अस्पतालों में चिकित्सकों ने आयुष्मान के तहत उपचार किए थे, उनकी 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की पेमेंट बकाया है। पेमेंट नहीं होने से निजी अस्पताल संचालक भी आयुष्मान के तहत उपचार करना बंद कर चुके हैं। कुछ दिन पहले चिकित्सक भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर थे।

प्रदेश का हर वर्ग सरकार की नीतियों से खफा होकर सड़कों पर उतर आंदोलन करने को मजबूर हो रहा है। कोरोना काल में भी सरकार स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने में हर मोर्चे पर फेल रही थी। मरीजों को समय पर न दवा मिल पाई और न ही आक्सीजन मिल पाई। हजारों लोगों को आक्सीजन की कमी के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी। यह सरासर सरकार की असफलता थी लेकिन भाजपा इसे स्वीकार नहीं कर रही है। भाजपा शासन में लोगों को न तो कोई नया मेडिकल कालेज मिला है और न ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल पाई हैं। एमबीबीएस की फीस बढ़ाकर 40 लाख रुपये तक कर दी है। इतनी भारी-भरकर फीस के कारण गरीब, एससी, ओबीसी और मध्यम वर्ग के बच्चे एमबीबीएस की पढ़ाई नहीं कर पा रहे।

चौधरी उदयभान ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की हुड्डा सरकार में नया स्वास्थ्य विश्वविद्यालय, छह नए मेडिकल कालेज (करनाल, मेवात, खानपुर, महेंद्रगढ़, भिवानी, फरीदाबाद) के अलावा एम्स-2 और बाढ़सा में नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट बनवाया। साथ ही एम्स-2 में 10 राष्ट्रीय सुपर स्पेशिलिटी संस्थान स्वीकृत करवाए। भूपेंद्र हुड्डा के शासनकाल में 641 नए ग्रामीण अस्पताल, सीएचसी व पीएचसी बनवाए। उस समय एमबीबीएस की फीस महज 40 हजार रुपये हुआ करती थी। वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा नए कॉलेज तो दूर की बात, स्वीकृत एम्स मनेठी का काम तक शुरू नहीं करवाया गया। भाजपा ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की बजाय कांग्रेस की कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत एम्स-2 के सभी 10 सुपर स्पेशिलिटी संस्थानों को रद्द करवा दिया। इससे स्पष्ट है कि बीजेपी कांग्रेस सरकार द्वारा स्थापित स्वास्थ्य तंत्र को पूरी तरह बर्बाद करने में लगी है। लेकिन प्रदेश में फिर से कांग्रेस सरकार बनने पर स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त किया जाएगा और राजस्थान की कांग्रेस सरकार की तर्ज पर गरीबों को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज दिया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 50% से अधिक मेडल जीतने वाले हरियाणा को 3% से कम बजट देना घोर अन्याय : दीपेन्द्र हुड्डा

**बजट की तरह खेल बजट में भी हरियाणा को भूली सरकार : दीपेंद्र हुड्डा**

**गुजरात, उत्तर प्रदेश को 400 करोड़ से ज्यादा जबकि हरियाणा को दिया सिर्फ 65 करोड़ : दीपेन्द्र हुड्डा**

**आवंटन का आधार पदक होना चाहिए : दीपेन्द्र हुड्डा**

**हरियाणा से भेदभाव करके लोकसभा चुनाव में मिली हार का बदला ले रही सरकार : दीपेन्द्र हुड्डा**

**न्याय संगत तरीके से हरियाणा को भी खेलों के लिये पर्याप्त बजट दे सरकार : दीपेन्द्र हुड्डा**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने खेलों इंडिया के तहत 2200 करोड़ रुपये के कुल व्यय में हरियाणा को 3% से भी कम यानी सिर्फ 65 करोड़ रुपये आवंटित किये जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 50% से ज्यादा मेडल जीतने वाले हरियाणा को खेलो इंडिया में 3% से कम राशि देना घोर अन्याय है। दीपेन्द्र हुड्डा ने हरियाणा के खिलाड़ियों द्वारा पदक जीतने पर प्रोत्साहन और पुरस्कार मिलने की उम्मीद के विपरीत सरकार द्वारा इतनी कम की राशि के आवंटन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि गुजरात, उत्तर प्रदेश को 400 करोड़ से ज्यादा की राशि दी गई जबकि हरियाणा को सिर्फ 65 करोड़ रुपए ही मिले। उन्होंने कहा कि बजट आवंटन का आधार पदक होना चाहिए यानी अधिक पदक जीतने पर अधिक बजट और कम पदक जीतने पर कम बजट। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट की तरह केंद्र सरकार खेल बजट में भी हरियाणा को भूल गयी। दीपेन्द्र हुड्डा ने सवाल किया कि हरियाणा से भेदभाव करके क्या सरकार लोकसभा चुनाव में मिली हार का बदला ले रही है? उन्होंने सरकार से मांग करी कि हरियाणा के साथ न्याय हो और न्यायसंगत तरीके से हरियाणा को भी खेलों के लिये पर्याप्त बजट दिया जाए।

लोकसभा के शून्य काल में यह मुद्दा उठाते हुए सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि ओलंपिक में अब तक हमारे 3 मेडल आ चुके हैं और उन्हें बात की खुशी है कि 3 में से 2 मेडल हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि केवल इस ओलंपिक में ही नहीं, हरियाणा के खिलाड़ियों ने हमेशा भारत माता की झोली को पदकों से भरा है। 21वीं सदी में ओलंपिक खेलों में देश को अब तक करीब 20 व्यक्तिगत मेडल मिले हैं, जिसमें से 12 यानी 50 प्रतिशत से ज्यादा हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं। ओलंपिक, एशियाई और कॉमनवेल्थ खेलों में 40 से 50 प्रतिशत मेडल हरियाणा के खिलाड़ी लेकर आ रहे हैं। वहीं प्रतिभागियों की संख्या देखें तो भारत के खिलाड़ियों में लगभग एक चौथाई खिलाड़ी हरियाणा से हैं। इस वर्ष के ओलंपिक में करीब 21 प्रतिशत खिलाड़ी हरियाणा से हैं। उन्होंने हरियाणा के साथ भेदभाव का सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि ये समझ से बाहर की बात है कि हरियाणा से सरकार को क्या नाराजगी है। अगर गुजरात, उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है तो हरियाणा में भी फिलहाल भाजपा की सरकार है, भले ही आने वाले दिनों में यह जाने वाली हो।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के शीघ्र होंगे चुनाव

## नियम पूरे होंगे तो असंध को बनाया जाएगा जिला : मुख्यमंत्री

**लोगों से आह्वान किया कि वे हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की वोटर लिस्ट में अधिक से अधिक नाम दर्ज करवाए।**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सिख समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की वोटर लिस्ट में अधिक से अधिक नाम दर्ज करवाए। प्रदेश सरकार द्वारा पहले नाम दर्ज करवाने के लिए ली जाने वाली 100 रुपये की फीस को अब खत्म कर दिया है। वोट बनवाने के लिए एक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर कोई कानूनी अड़चन नहीं आई तो हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव शीघ्र ही करवाए जाएंगे। इसके अलावा, उन्होंने असंध को जिला बनाने का भी आश्वासन देते हुए कहा कि इसके लिए मंत्रिमण्डल की एक सब-कमेटी गठित की गई है। नियम पूरे होंगे तो असंध को जिला बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री आज अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर पर सरदार जगदीश सिंह झींडा के नेतृत्व में आए सिख समाज के लोगों को सम्बोधित कर रहे थे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम अपने गुरु साहिबान की शिक्षाओं को नई पीढियों तक पहुंचाने के लिए कृत-संकल्प हैं। उनकी स्मृतियों को सहेजने के लिए जितना काम किया जाए, कम है। हमारे गुरु साहिबान ने सदभाव, सहनशीलता, भाईचारे और आपसी प्रेम का जो रास्ता दिखलाया है, हम उसे अपने जीवन में उतारें। यही मानव कल्याण का मूल मंत्र है और गुरुओं के प्रति यही हमारी सच्ची श्रद्धा है। उन्होंने कहा कि गुरुओं के आशीर्वाद से ही आज वे इस मुकाम पर पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख कौम बहादुर है, जिसने धर्म की रक्षा के लिए सिर कटा दिये, लेकिन झुके नहीं। इस कौम की कुर्बानियों तथा वीरता पर सभी भारतवासियों को गर्व है। उन्होंने कहा कि इस कौम के वीर सुरमाओं ने महान गुरुओं के आदर्शों व सिद्धान्तों पर चलते हुए देश के स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़चढ़ कर भाग लिया। ऐसी बहादुर कौम के बीच आज अपने आप को पाकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं को पूरे विश्व में प्रचारित व प्रसारित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने श्री करतारपुर साहिब कोरिडोर को बनवाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी के पवित्र चरण सिरसा के गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब में पड़े थे और उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद सरकार द्वारा गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब को जमीन दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की याद में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की पहल की है। इस अवसर पर सिख समाज के लोगों द्वारा मुख्यमंत्री को मांग पत्र भी सौंपा गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार श्री भारत भूषण भारती, सरदार करनैल सिंह निमनाबाद, सरदार दलजीत सिंह बाजवा, सरदार जसबीर सिंह खालसा भी उपस्थित थे।

## संत कबीर कुटीर पर संत नामदेव जयंती समारोह आयोजित

# किसी एक सरकारी संस्थान का नामकरण होगा नामदेव महाराज के नाम पर : मुख्यमंत्री



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संत शिरोमणि नामदेव जी की जयंती पर महम धर्मशाला, रोहतक के लिए 21 लाख रुपये और प्रदेश में अलग-अलग जगहों पर नामदेव धर्मशालाओं के लिए 31 लाख रुपये देने की घोषणा की है। साथ ही, उन्होंने प्रदेश में किसी एक सरकारी संस्थान का नाम नामदेव महाराज के नाम पर रखने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी आज संत कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री निवास) पर आयोजित संत नामदेव जयंती के मौके पर पूरे प्रदेश से आए नामदेव समाज के लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि नामदेव जी ने अपना पूरा जीवन समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में लगा दिया। उनका सम्पूर्ण जीवन मानव जाति के कल्याण को समर्पित रहा।

इस मौके पर नामदेव समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सम्मान मेरा नहीं बल्कि समस्त नामदेव समाज का सम्मान है। वह इस पगड़ी के सम्मान को कभी कम नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के दरवाजे प्रदेश के हर समाज और हर वर्ग के लिए 24 घंटे खुले हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर संत नामदेव समाज के लोगों द्वारा रखी गई एक दर्जन से अधिक माँगों को भी जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में नौकरियों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण में क्रीमीलेयर की वार्षिक आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये वार्षिक कर दी गई है। इसके अलावा, नौकरियों में पिछड़ा वर्ग-ए और बी के बैकलॉग को प्राथमिकता के आधार पर भरने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने दस साल के कार्यकाल में जितना लाभ ओबीसी वर्ग को दिया गया है, उतना पूर्व की सरकार ने कभी भी नहीं दिया। प्रदेश सरकार ने दस साल के कार्यकाल में ओबीसी वर्ग को पूरा मान-सम्मान देते हुए सभी वर्गों के लिए अनेक कल्याणकारी फैसले लिए हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लगभग 18 पारंपरिक उद्योगों और व्यवसायों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इससे देशभर में कार्यरत श्रमिकों और पारंपरिक उद्योगों में माहिर व्यक्तियों को अपने रोजगार को बढ़ाने के लिए आर्थिक मदद मिल रही है। विश्वकर्मा समुदाय की सभी जातियों को बहुत ही कम ब्याज दर पर लोन मुहैया करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) शुरू की है। इस योजना के तहत, हरियाणा में अंत्योदय परिवारों को एक विशेष 'हैप्पी कार्ड' दिया जा रहा है। इस कार्ड से कार्डधारक हर साल राज्य परिवहन की बसों में 1000 किलोमीटर तक की मुफ्त यात्रा कर सकते हैं। यह कॉर्ड उन परिवारों का बनाया जा रहा है, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपये तक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व की बात है कि ओबीसी समाज के हितों की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह सजग हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से ओबीसी वर्ग को पूरा मान-सम्मान देने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की सोच के साथ योजनाओं से समाज के अंतिम व्यक्ति को जोड़ने का काम करते हुए लोगों को सशक्त बनाया है।

इस मौके पर हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष श्री रणबीर सिंह गंगवा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष श्री कर्णदेव कंबोज, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहकार श्री भारत भूषण भारती, उत्तर प्रदेश पिछड़ा आयोग के सदस्य श्री राधेश्याम और कार्यक्रम के आयोजक सतबीर वर्मा मौजूद रहे।

# भाजपा की 'म्हारा हरियाणा, नॉन स्टॉप हरियाणा' रैली कल



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़, 2 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में विजय का शंखनाद रविवार को भगवान श्रीकृष्ण की भूमि कुरूक्षेत्र के थानेसर विधानसभा में 'म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा' रैली से करेगी।

4 अगस्त को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस रैली से प्रदेश भर में भाजपा के चुनाव प्रचार का श्रीगणेश करेंगे। इस रैली में हरियाणा चुनाव प्रभारी, चुनाव सह प्रभारी, प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारी, पूर्व मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं पार्टी के तमाम बड़े लीडर उपस्थित रहेंगे।

सोनीपत में शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल कौशिक ने इस रैली को लेकर खुद प्रेसवार्ता की और बताया कि भाजपा हरियाणा की 90 की 90 विधानसभाओं में रैलियां करेगी और इन रैलियों का पूरा कार्यक्रम तय कर लिया गया है। चुनाव रैली का आगाज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। 4 अगस्त को प्रात: 11 बजे होने वाली रैली में चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, चुनाव सह प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीयमंत्री मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कृष्णपाल गुर्जर, डा. सुधा यादव, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, कैप्टन अभिमन्यु सहित प्रदेश के तमाम सीनियर लीडर उपस्थित रहेंगे। पत्रकारों से बातचीत से पहले मोहन लाल कौशिक ने सभी प्रदेशवासियों को शिवरात्रि की शुभकामनाएं दी।

आगामी कार्यक्रमों के बारे में प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक ने बताया कि पार्टी के जिला स्तर पर प्रवास कार्यक्रम होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री, सांसद और बड़े नताओं सहित मैं स्वयं जिलों में प्रवास करूंगा। श्री कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए समान रूप से विकास कार्य करा रही है। भाजपा ने बिना भेदभाव के सभी के लिए काम किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है हम सब मिलकर उसको पूरा करेंगे।

मोहन लाल कौशिक ने कहा कि 2014 के बाद भाजपा सरकार ने लोककल्याण के काम किए हैं। गरीब कल्याण, किसान कल्याण, महिला और युवाओं के कल्याण के लिए मोदी और नायब सरकार ने अनेकों योजनाएं बनाई हैं जिनका लाभ देश और प्रदेश के लोगों को मिल रहा है। उन्होंने भाजपा के कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। जनता का विश्वास इन 10 सालों में भाजपा में बढ़ा है और जनता तीसरी बार भी हरियाणा में भाजपा को अपना आशीर्वाद देगी।

प्रेसवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक के साथ जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, जिला महामंत्री निशांत छोक्कर, जिला मीडिया प्रभारी नीरज अत्रे, आजाद सिंह नेहरा, नरेश वर्मा, रविन्द्र मलिक आदि मौजूद रहे।

## युवक का अपहरण कर अंगुली काटने के मामले में दो और आरोपियों पर कसा शिकंजा

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल



**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी पलवल चंद्र मोहन के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार टीम ने होडल थाना में दर्ज युवक के अपहरण कर अंगुली काटने के मामले में फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बतलाया कि मामले में होडल निवासी रुपेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 6 जुलाई को वह भूपेंद्र, रोहित, मनीष के साथ बुलंदशहर के गांव शहदपुरा में दोस्त नितिन के घर पर बैठे हुए थे। उसी समय अचानक 12 से अधिक युवक 4-5 गाड़ियों में सवार होकर अवैध हथियार, लाठी-डंडा, कुल्हाड़ी लेकर आए व फायरिंग शुरू कर दी तथा उसका अपहरण कर उसके हाथ के पंजे व अंगुली काटकर उसे जान से मारने की धमकी देकर नजदीक हसनपुर चौक होडल फेंक कर फरार हो गए। इस सम्बन्ध में घायल रूपेश की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ अवैध हथियारों के बल पर अपहरण करने, अंग भंग करने, धमकी देने की आदि धाराओं के तहत केस दर्ज कर जाँच शुरू की और मामले में पहले ही पांच आरोपियों साहिल, कर्मवीर उर्फ़ कर्मा नितिन,सचिन एवं करमन निवासी बीरेंद्र को गिरफ्तार कर उनसे वारदात में प्रयुक्त वेन्यू कार एवं देसी पिस्तौल तथा चार कारतूस बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया।प्रभारी क्राइम ब्रांच होडल ने आगे बतलाया कि स्टॉफ में तैनात एएसआई महानन्द के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने गत दिनांक 1 अगस्त को वारदात में शामिल दो और आरोपियों गांव बांसवा निवासी तोताराम व विष्णु को गिरफ्तार कर लिया है जिन्हे आज पेश अदालत कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। वारदात में शामिल फरार अन्य आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## डॉ हरेन्द्र राणा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर पर मुलाकात की

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल



**पलवल।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व हरियाणा लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ हरेन्द्र राणा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर पर मुलाकात की द्य उन्हें सम्मान स्वरूप पटका पहना कर उनका स्वागत किया द्य 11 अगस्त को मुख्यमंत्री के पलवल दौरे को लेकर डॉ हरेन्द्र राणा उन्हें जानकारी दी कि पलवल के लोग उनके दौरे का उत्साहपूर्वक इन्तेज़ार कर रहे हैं और उनका एतिहासिक स्वागत करेंगे द्य उल्लेखनीय है कि 11 को मुख्यमंत्री नायब सैनी श्री सीताराम जी महाराज सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ हरेन्द्र राणा के बुलाबे पर पलवल आ रहे हैं और श्री सीताराम सेवा समिति के द्वारा बनाए जा रहे महारानी पद्मावती गर्ल्स कालेज की आधारशिला रखेंगे।

डॉ हरेन्द्र राणा ने समारोह की तैयारियों के बारे में मुख्यमंत्री नायब सैनी को अवगत कराया द्य उन्हें बताया कि समारोह में शामिल होने के लिए पलवल विधानसभा के प्रत्येक गांव में न्यौता देने की प्रक्रिया जारी है द्य सभी लोग लड़कियों के लिए कालेज खोले जाने से खुश हैं क्यूँकी पलवल जिले में लड़कियों की शिक्षा के लिए कालेज बहुत कम हैं द्य इसलिए इलाके की लड़कियां स्नातक की पढ़ाई से वँचित रह जाती हैं द्य ऐसी वंचित छात्राओं के लिए यह कालेज खोला जा रहा है द्य संस्था द्वारा जनहित में महाराणा प्रताप भवन बनाया गया है और अब लड़कियों का कालेज बना कर पलवल की जनता को एक और तोहफा दिया जा रहा है द्य समारोह के आयोजक डॉ हरेन्द्र राणा ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर करेंगे और कैबिनेट मंत्री मूल चंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, खेल मंत्री कंवर संजय सिंह, विधायक दीपक मंगला, जगदीश नायर, प्रवीन डागर, यू पी सरकार में मंत्री और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर दिनेश प्रताप सिंह, राष्ट्रीय संरक्षक व जम्मू कश्मीर के पूर्व मंत्री गुलचैन सिंह चरक आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे द्य अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पूरे देश से 37 प्रतिनिधि शामिल होंगे और हरियाणा प्रांत से अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के जिलाध्यक्ष भी शामिल होंगे।

## नूंह के नलेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भोले के भक्तों ने किया जल अभिषेक



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूंह के पांडव कालीन प्राचीन नलेश्वर शिवमंदिर में सुबह से ही भोले के भक्तों के द्वार जल अभिषेक किया गया।नलेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर दूर दूर से आए भोले के भक्तों ने जल अभिषेक किया और हरिद्वार से कबाड़ लेकर आए भक्तों ने भी नलेश्वर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर जल अभिषेक किया और बोल बम के जम कर नारे भी लगाए। महाशिवरात्रि के अवसर पर कबाड़ लेकर आए भक्तों ने कहा कि भोले बाबा की आराधना करने से उन्हें काफी अच्छा लगता है।

आप को बता दे कि सावन माह में आने वाली शिवरात्रि का खास महत्व है। इस दिन व्रत रख कर विधि-विधान के साथ भोले बाबा की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। इसके साथ ही महादेव सभी की मनोकामनाओं की पूर्ति भी करते हैं।महाशिवरात्रि के दिन भगवान शंकर को बेलपत्र, पुष्प, धूप-दीप और भोग चढ़ाने के बाद शिव मंत्र का जप किया जाता है। भगवान शिव उनसे प्रसन्न होकर उनके सभी कामों को सफल बनाते हैं। सावन शिवरात्रि पर यदि आप महादेव का जलाभिषेक करते हैं, तो सबसे पहले शिवलिंग का दूध, दही, शहद, घी, शक्कर, गन्ने के रस से अभिषेक करें। इसके बाद एक लोटे में गंगाजल लें। जल में काला तिल मिलाकर रख लें। फिर शिव जी के मंत्र का जाप करें। अब इस जल को शिवलिंग पर अर्पित कर दें। इसके बाद आप फूल, फल और मिठाई आदि चीजों को अर्पित करते जाएं। बाद में आटे का चौमुखी दीपक जलाकर महादेव की आरती करें।

## जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से करोड़ों रुपए का घोटाला





समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

**पलवल।** शहर में पानी निकासी के लिए जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4.50 करोड़ की लागत से बनाया गया नाला भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया महज एक साल से पहले ही नाले की दीवार टूट गई और जगह -जगह दीवार में दरारें पड़ी हैं मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई मनोहर लाल के बाद अब नायब सैनी सरकार भी हरियाणा में भ्रष्टाचार को रोक नहीं पा रही है अधिकारी और ठेकेदार भ्रष्टाचार के खेल में इतने माहिर हैं की किसी भी शिकायत की कोई परवाह नहीं करते. बात करें पलवल की तो पलवल में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शहर की पानी निकासी के लिए करीब एक साल पहले जैन्दीपुरा मोहल्ले में भाटिया कॉलोनी से सोहना रोड़ स्थित सैनी धर्मशाला तक 4.50 करोड़ लागत से नाले का निर्माण किया गया लेकिन निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल होने की वजह से नाला एक साल से पहले ही टूटकर गिर गया।

आरोप है की निर्माण कार्य में 50 प्रतिशत कम सरिया लगा है साथ ही ड्राइंग के अनुरूप नाले का कार्य नहीं किया गया उसी समय भ्रष्टाचार की शिकायत उच्च अधिकारियों से कॉलोनी वासी बलराम सैनी ने की लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की और नाले का निर्माण कार्य पूरा कर दिया गया साथ ही शिकायत को दरकिनार कर ठेकेदार की पेमेंट भी कर दी गई।

निर्माण कार्य के महज 9 महीने बाद ही नाले की दीवार टूटकर गिर गई है घटिया क्वालिटी का इस्तेमाल साफ-साफ देखा जा रहा है बारिश के पानी से दीवार कट रही है और कंक्रीट उखड़ती हुई दिख रही हैं नाले की दीवारों पर दरार होने के बाद पेच वर्क भी साफ साफ दिखाई दे रहा है आरोप है की इस घोटले में ठेकेदार और जल स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों ने करोड़ों रुपए की मलाई खाई है और जांच के घेरे में विभाग के जेई जोगिंदर, एसडीओ त्रिलोक चंद मंगला व कार्यकारी अभियंता अमित कुमार आ रहे हैं शिकायतकर्ता बलराम सैनी ने बताया कि समय रहते अधिकारियों और ठेकेदार पर कार्रवाई होती तो आज यह नौबत नहीं आती और सरकार का पैसा भी खराब नहीं होता उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच होनी चाहिए और मामले में सँलिप्त अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई हो।

वही जब इस बारे में जन स्वास्थ्य विभाग के एससी. एस के दहिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है अभी पता चला है कि नाले की दीवार टूट गई है इस मामले में जो भी लोग सँलित हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जादूगर सम्राट शंकर ने दूसरे दिन जादुई शो से दिया बुराइयों को दूर रहने का संदेश

समाचार गेट/अनिल मोहनियां



**नूंह।** सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से आयोजित जादू शो के तहत नूंह खंड के गांव खेड़ला स्थित सद्भावना मंडप में जादूगर सम्राट शंकर ने अपनी जादुई कला से लोगों का मनोरंजन किया और सामाजिक बुराई के प्रति जागरूकता संदेश भी दिए। शो के दूसरे दिन भी आमजन की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने खासकर बच्चों ने जादू शो का विशेष लुत्फ उठाया। दूसरे दिन खेड़ला गांव निवासी सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष रफीक हथोड़ी मुख्यातिथि रहे और दीप प्रज्वलित कर जादू शो का शुभारंभ किया। जादू शो में हैरतंगेज कारनामे व कला देखकर दर्शक भी अचंभित हो रहे हैं। पलक झपकते ही जादूगर अपना हर कमाल दिखा देते हैं। जादूगर सम्राट शंकर ने बताया कि आगामी 4 अगस्त तक प्रत्येक दिन दो शो दिखाए जाएंगे, जिसमें पहला शो दोपहर एक से तीन बजे तक तथा दूसरा शो शाम को सात बजे से नौ बजे तक होंगे। चार दिनों के इस जादू शो में मनोरंजन के साथ लोगों को बुराइयों से दूर करने का संदेश दिया जा रहा है। टेक्नोलॉजी के इस युग में लोग अधिक संख्या में जादू के शो को देखने के लिए आ रहे हैं। हरियाणा सरकार की तरफ से नि:शुल्क जादुई शो का आयोजन करना एक अच्छी पहल है। उन्होंने बताया कि जादूगर सम्राट शंकर ने अपनी जादुई कला से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, जल बचाओ-जीवन बचाओ, तिरंगे का सम्मान, पर्यावरण संरक्षण, पॉलीथिन हटाओ देश बचाओ, प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को जादुई कला से पेश किया। इन्हें देखकर छोटे बच्चे ही नहीं बड़े बुजुर्ग भी मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान जादूगर सम्राट शंकर ने रंगीन इंद्रजाल, हवा में तैरती लड़की, अमेरिका की एलोजेन, ट्विस्टिंग लेडी, वाटर ऑफ इंडिया, मीना बाजार, ड्रेस चेंजिंग, ड्रिंकिंग मिल्क आदि जादुई कारनामे दिखाए।

इससे पहले बीते दिन सायं के कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा नरेंद्र पटेल मुख्यातिथि रहे तथा उनके साथ शहर के प्रबुद्ध समाजसेवियों ने भी जादू शो का आनंद लिया। जादूगर ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## नूंह में 8 सड़कों की मिली मंजूरी, भाजपा नेता चौ. जाकिर हुसैन ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

### सड़कों को मंजूरी मिलने से लोगों में खुशी का माहौल

समाचार गेट/अनिल मोहनियां





**नूंह।** शुक्रवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने नूंह विधानसभा में 8 सड़कों की मंजूरी मिलने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हरियाणा सरकार का धन्यवाद व आभार जताया। हुसैन ने देश के ऊर्जा मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी आभार जताते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए हरियाणा एक हरियाणवी एक के नारे पर पूरे प्रदेश का समान विकास हो रहा है। उन्होंने कहा की और भी कई दर्जन सड़कें हैं जो बहुत जल्द मंजूर होने वाली हैं। जिनकी प्रक्रिया लगातार चल रही है।

ज़ाकिर हुसैन कहा की उपरोक्त सड़कों के अलावा और भी सड़कों का निर्माण व पुनर्निर्माण को मुख्यमंत्री द्वारा बहुत जल्द किया जाएगा। भाजपा सरकार ने पिछले लगभग 10 वर्षों में मेवात क्षेत्र में विकास की बरसात करने का काम किया हैं। आज से पहले की सरकारों ने मेवात क्षेत्र के विकास व उन्नति के लिए कोई फिक्र नहीं की। उन्होंने कहा की देश के ऊर्जा मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की दूरगामी सोच की बदौलत आने वाले कुछ समय में मेवात क्षेत्र के लिए कई छोटी-बड़ी परियोजनाओं की सौगात मिलने वाली हैं। भाजपा सरकार ने नूंह जिले के विकास व सरकारी नौकरियों देने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

हुसैन ने कहा कि उनके द्वारा किए गए दिन रात प्रयास की बदौलत माननीय मुख्यमंत्री द्वारा गांव चंदेनी, आकेड़ा व कंसाली के स्कूलों को भी बहुत जल्द अपग्रेड करवा दिया जाएगा। ज़ाकिर हुसैन ने कहा की प्रदेश में फिर एक बार भाजपा सरकार बनेगी।

## मेडिकल कालेज अस्पताल में ऑटोक्लेव मशीन स्थापित



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** शहीद हसन खां राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल नलहड़ के निदेशक डा. मुकेश कुमार द्वारा शुक्रवार को संस्थान में मरीजो की सुविधा के लिए अति आधुनिक तकनीक से बनी ऑटोक्लेव मशीन को स्थापित करवाया गया। ऑटोक्लेव मशीन का शुभारंभ होने से ऑपरेशन के लिए आने वाले मरीजो तथा वार्ड में भर्ती मरीजो को काफी फायदा होगा। निदेशक डा. कुमार ने बताया है कि मेडिकल कालेज स्थित अस्पताल में आने वाले मरीजो के लिए ज्यादा से ज्यादा दवाई उपलब्ध करवाई जा रही हैं तथा सरकार के माध्यम से दवाइयां उपलब्ध करवाने के लिए भरकस प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पताल में कार्यरत डाक्टर्स को जनहित को ध्यान में रखते हुए मरीजों को बाहर की दवाइयां न लिखने की हिदायत दी गई है। ऑटोक्लेव मशीन की स्थापना के अवसर पर निदेशक के साथ डा. भावना, डा. पूजा, डा. शिप्रा, सी.एस.एस.डी कमेटी सदस्य, डा. शैलेश मिश्रा, ब्लड बैंक इंचार्ज गौरव डोगरा, ओ.टी. मास्टर व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हरियाणा मांगे हिसाब पदयात्रा को लेकर सांसद दीपेंद्र हुड्डा 4 अगस्त को फिरोजपुर झिरका में करेंगे शिरकत

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** भाजपा के 10 वर्षों के शासन में हरियाणा अपराध, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी में नंबर वन बन गया है , प्रदेश सरकार द्वारा 10 वर्षों में हरियाणा में किए गए कार्यों का हिसाब मांगने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम हरियाणा मांगे हिसाब पद यात्रा का आयोजन 4 अगस्त फिरोजपुर झिरका में होने जा रहा है । जिसमें रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा मुख्य रूप से शिरकत कर भाजपा सरकार से 10 वर्षों तक शासन करने के बाद 15 प्रश्नों के सवाल कर जवाब मांगने का काम करेंगे।



यह जानकारी फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र के विधायक मामन खान इंजीनियर ने अपने निवास पर पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

विधायक ममन खान ने कहा कि भाजपा सरकार 10 वर्षों में हरियाणा में शासन कर रही है कांग्रेस पार्टी 10 वर्षों का लेखा-जोखा मात्र 15 सवालों के जरिए कांग्रेस पार्टी से मांग रही है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में बेरोजगारी नंबर वन पर है 40 प्रतिशत युवा हरियाणा का आज बेरोजगार है।

हरियाणा प्रदेश का नाम कभी दूध दही के नाम से प्रसिद्ध हुआ करता था। आज वह हरियाणा नशे के कारोबार के लिए प्रसिद्ध हो रहा है । आज उड़ता पंजाब नहीं, उड़ाता हरियाणा ,उड़ता मेवात बनता जा रहा है। मेवात के बढ़कली चौक, पुनहाना, पिनगवां, फिरोजपुर झिरका सहित नूह के सभी मुख्य चौक चौराहों पर नशीली दवाओं को खुलेआम युवाओं को परोसा जा रहा है। भाजपा सरकार में पूरे हरियाणा में असुरक्षित वातावरण दिया जा रहा है । गैंगस्टर जहां देखो वहां मासूम लोगों को अपनी गोलियों का शिकार बना रहे हैं। प्रदेश सरकार हाथ पैर हाथ डरे बैठी है । इसके अलावा सरकार द्वारा जारी किए गए पोर्टल की सुविधा से पूरा हरियाणा प्रदेश परेशानी झेल रहा है , बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों के पेंशन काटे जा रही हैं । वहीं गत 10 वर्षों के शासनकाल में 50 से बड़े घोटाले कई हजार करोड़ के भाजपा सरकार द्वारा किए गए हैं।

## नई बाइक का पूजन करा कर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

समाचार गेट/पंकज

**सोहना।** सोहना घाटी मार्ग थाने के समीप सड़क हादसे में एक 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई ।जहां ट्रक ने बाइक सवार को बुरी तरह से कुचल डाला। बताया जा रहा है की मिर्तक ने नई बाइक खरीदी थी वह उसकी पूजा कर कर अपने घर लौट रहा था ।इस दौरान सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई ।मृतक की पहचान जखोपुर निवासी भूपेंद्र के रूप में हुई है जो की पिकअप चलाने का काम करता था। मामले की खबर पाते ही परिजनों का रो-रो का बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया व ट्रक चालक को भी पुलिस ने मौके पर गिरफ्तार कर लिया। परिजनों ने बताया कि भूपेंद्र ने बुधवार को सोहना से नई स्प्लेंडर बाइक खरीदी थी। बाइक को लेने के बाद वह अपनी बहन के पास गांव चोपनकी भिवाड़ी गया था। वीरवार को देर रात जब हैं वापस आ रहा था इस दौरान जब वह घाटी मार्ग पर सोहना थाने के समीप पहुंचा तो उसकी बाइक का हैंडल एक टेंपो से जा टकराया। जिससे वह सड़क पर जा गिरा ।इस दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे बुरी तरह से कुचल डाला। भूपेंद्र की मौके पर मौत हो गई। मामले की भनक पाते हैं पुलिस ने मौके पर जाकर शव को अपने कब्जे में ले लिया वहीं ट्रक चालक को भी मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि परिजनों के बयान पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है वहीं युवक का पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

## जिला के ग्रामीण अंचल में स्वतंत्रता दिवस तक विशेष सफाई अभियान



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** जिला फरीदाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता को एक जन आंदोलन बनाने के लिए आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। यह बात सीईओ जिला परिषद् सतबीर मान ने कही। उन्होंने कहा कि साफ और स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने के लिए ग्रामवासियों को इस सफाई अभियान में ज्यादा से ज्यादा संख्या अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को न स्वयं गंदगी फैलानी है और न किसी और को फैलाने देनी है। उन्होंने ना गंदगी करेंगे, ना करने देंगे का मंत्र दिया। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम पंचायत नरियाला एवं मंधावली में स्कूली छात्र-छात्राओं व अन्य ग्रामवासियों के लिए शपथ एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों तथा अन्य लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक कर स्वच्छ भारत बनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें शपथ भी दिलाई गयी। इस दौरान इन ग्राम पंचायतों में कूड़े के ढेरों को हटाया गया तथा स्कूलों, आंगनवाडी केन्द्रों, स्वयं सहायता समूहो, आशा वर्करों एवं स्वच्छता ग्राहियों के माध्यम से ग्रामवासियों को स्वच्छता अभियान के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान तालाब एवं जोहड़ों की महत्तवता एवं उनकी साफ-सफाई के के लिए भी लोगो को जागरूक किया गया तथा शौचालय का प्रयोग एवं रखरखाव, कूड़े करकट का घरेलू व सामुदायिक स्तर पर उचित प्रबंधन तथा गंदे पानी के उचित निपटान के तौर तरीकों पर भी ग्रामवासियों को जानकारी दी गयी।

## मतदाता सूची के ड्राफ्ट का फाइनल प्रकाशन 27 को




समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने शुक्रवार को आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के लिए मतदाता सूची की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष सारांश संशोधन की घोषणा की। उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की गयी बैठक में आगामी चुनावों के लिए मतदाता सूची के ड्राफ्ट के प्रकाशन की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति इस ड्राफ्ट प्रकाशन के संबंध में अपने दावे और आपत्ति 16 अगस्त 2024 तक दर्ज करवा सकता है। उन्होंने बताया की इसके लिए स्पेशल कैंपेन भी करवाया जायेगा जो की 03 अगस्त 2024 और 04 अगस्त 2024 तथा 10 अगस्त 2024 व 11 अगस्त 2024 को सभी बूथों पर लगाया जायेगा। इसके बाद 27.08.2024 को मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जिला में चुनाव के लिए फोटो युक्त मतदाता सूची में कुल 1764674 मतदाता हैं। इनमें 961475 पुरुष और 803123 महिलाएं तथा अन्य 76 मतदाता शामिल हैं। जिला फरीदाबाद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 1650 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। बैठक में बीजेपी से घनश्याम गुप्ता, जेपी भारद्वाज, जेजेपी से प्रेम सिंह धनकड़, बीएसपी से उपकार सिंह, एनपी सिंह, आईएनएलडी आर एस राठी, अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एचएसवीपी के एस्टेट आफिसर्स सिद्धार्थ दहिया, तहसीलदार नेहा सहारन डीडीपीओ प्रदीप कुमार, डीआईओ विपिन सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## एचएसवीपी ने बेसमेंट में चल रहीं लाइब्रेरी को किया सील



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशों पर शहर में अवैध रूप से बेसमेंट में चलाए जाने वाले कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। जिसके चलते एचएसवीपी द्वारा जांच में अनियमितताएं मिलने पर फरीदाबाद सेक्टर-37 के एक मकान के बेसमेंट में चल रही एक लाइब्रेरी को सील किया गया। उपायुक्त ने आमजन से अपील की है कि बेसमेंट में संचालित कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी में दाखिला न लें यदि बेसमेंट में इसका संचालन हो रहा हो तो और अवैध स्विमिंग पूल व बिना सुरक्षा मानकों के संचालित हो रहे झूलों की जानकारी निम्नलिखित नंबर : 0129-2227936 और 2227272 पर दे सकते है।

## जुआ खिलाने वाला नकदी सहित गिरफ्तार

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के निर्देश पर अपराध सेक्टर-48 की टीम ने जुआ खिलाने वाले आरोपी को गिफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विशाल सिंह वासी सरस्वती कॉलोनी सेहतपुर का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से नियर पानी प्लान्ट एसजीएम नगर से जुआ खिलाते हुए काबू किया है। आरोपी तलाशी लेने पर आरोपी से 10 हजार 50 रुपए नकद, 1 बाल पेन व सट्टा पर्ची बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना एसजीएम नगर में जुआ खिलाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामन आया कि आरोपी बेरोजगार हैं। अपने खर्चे को चलाने के लिए जुआ खिलाने का काम करता है। आरोपी पर पूर्व में भी जुआ खिलाने का मामला थाना एसजीएम नगर में दर्ज है। आरोपी के साथ पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई।

## पेड़ लगाकर अपनी जीवन रेखा को बढ़ाओ : राजेश नागर

### विधायक राजेश नागर ने तिगांव के सरकारी स्कूल में किया पौधरोपण



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद ग्रेस और इंटरेक्ट क्लब ऑफ सरस्वती ग्लोबल स्कूल ने संयुक्त रूप से तिगांव के गवर्नमेंट मॉडर्न स्कूल में वृक्षारोपण किया। इसकी शुरुआत करने के लिए विधायक राजेश नागर पहुंचे। विधायक नागर ने कहा कि हमारे जीवन के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है क्योंकि यही पौधे बड़े होकर वृक्ष बनेंगे और हमें जीवनदायक वायु प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में पौधे लगाने चाहिए और उन्हें बड़ा करना चाहिए। ऐसा कर हम अपने और आने वाली पीढ़ियों के जीवन की सुरक्षा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि पौधरोपण के लिए हमारी सरकार हर संभव मदद कर रही है। जिसे भी पौधों की जरूरत हो, वह सरकारी नर्सरी से ले सकते हैं। विधायक राजेश नागर ने रोटरी क्लब और सरस्वती ग्लोबल स्कूल के संचालकों का पौधरोपण करने पर सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने लोगों से कहा कि सभी अपने स्तर पर इस प्रकार के आयोजन करें।

इस अवसर पर प्रिंसिपल पवन कुमार, जिला गवर्नर डॉ महेश तिरखा, अध्यक्ष जितेंद्र जैन, सचिव सौरव गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुमत जैन, शिक्षाविद् वाई के माहेश्वरी, कृष्ण अधाना, विक्रम प्रताप नागर सरपंच, मास्टर योगेंद्र नागर, मास्टर सुनील नागर, अनुभव माहेश्वरी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## पांच वर्षीय बच्चे को मिला जीवनदान



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** अमृता अस्पताल में राजस्थान के कोटपुतली की एक पांच वर्षीय लड़की की जान बचाने के प्रयास में उसकी रीढ़ की हड्डी की महत्वपूर्ण सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। गंभीर जन्मजात स्कोलियोसिस से पीड़ित, बच्ची को अत्यधिक दर्द का सामना करना पड़ा और उसकी रीढ़ की हड्डी में विकृति के कारण उसके हृदय और फेफड़ों के विकास को महत्वपूर्ण जोखिमों का सामना करना पड़ा, जिससे सर्जरी तत्काल और अपरिहार्य हो गई। जब सामने या पीछे से देखा जाता है, तो सामान्य रीढ़ सीधी दिखाई देती है, हालांकि, स्कोलियोसिस के मामलों में, रीढ़ सी या एस रूप में मुड़ जाती है। विशेष रूप से बढ़ते बच्चों में, 60 डिग्री से अधिक मोड़ के साथ गंभीर स्कोलियोसिस हृदय और फेफड़ों पर दबाव डाल सकता है। इस केस के बारे में डा. तरूण सूरी ने कहा कि फरीदाबाद के अमृता अस्पताल में स्पाइन सर्जरी टीम द्वारा मरीज का विस्तार से मूल्यांकन किया गया। एडमिशन के समय उसका स्कोलियोसिस वक्र लगभग 90 डिग्री था और तेजी से बढ़ रहा था जैसा कि एक्स-रे में देखा गया था। उसे गंभीर कॉस्टो-पेल्विक-ईंपिंगमेंट भी हो गया था, एक ऐसी स्थिति जिसमें रोगी की पसली का पिंजरा पेल्विक हड्डी में धंसने लगता है और गंभीर दर्द का कारण बनता है। गंभीर स्कोलियोसिस के कारण बाएं फेफड़े और हृदय के लिए मौजूद जगह भी काफी कम हो गई थी, जिससे यह सर्जरी बहुत महत्वपूर्ण हो गई थी। उसके माता-पिता को इस स्थिति के बारे में विस्तार से बताया गया और कहा गया कि अगर इलाज नहीं किया गया तो यह समस्या गंभीर रूप से बढ़ जाएगी और इससे बच्चे के भविष्य के विकास में बाधा आएगी। फेफड़े और हृदय पर प्रभाव से बच्चे की जीवन प्रत्याशा में भी कमी आने की संभावना थी। इसे प्रबंधित करने का एकमात्र तरीका जटिल रीढ़ की सर्जरी थी। सर्जरी के बाद पांच साल की बच्ची तेजी से रिकवर हो गई। रीढ़ की हड्डी को सहारा देने के लिए उसके लिए एक ब्रेस बनाया गया और सर्जरी के 2 दिन बाद उसे चलने-फिरने के लिए जोर दिया गया। उसकी रीढ़ की डिफॉर्मिटी में अच्छा सुधार हुआ और कोस्टोपेल्विक ईंपिंगमेंट में सुधार के कारण दर्द भी कम हो गया। पोस्ट ऑपरेटिव एक्स-रे में अच्छा सुधार दिखा और बच्चे के माता-पिता परिणामों से खुश थे।

## कांग्रेस के हरियाणा मांगे हिसाब अभियान कार्यक्रम की तैयारियों का जिला प्रभारी ने लिया जायजा



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** बीजेपी सरकार से हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के तहत आयोजित पदयात्रा कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए फरीदाबाद जिला कांग्रेस के प्रभारी और नूंह के विधायक चौ. आफताब अहमद और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के संगठन मामलों के प्रभारी जयदीप धनखड़ ने बल्लभगढ़ स्थित कार्यक्रम स्थल अग्रवाल धर्मशाला और पदयात्रा के रूट का निरीक्षण किया और पदयात्रा कार्यक्रम के लिए जरूरी निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और पार्टी कार्यकताओं को कार्यक्रम से संबंधित जानकारी देते हुए विधायक चौ.आफताब अहमद ने बताया कि आज प्रदेश हालत बीजेपी के शासन में बद से भी बदतर हो चुके हैं और जनता कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने के लिए मन बना चुकी है। पार्टी कार्यकताओं को जनता के बीच जाकर काम करने की जरूरत है। इस अवसर पर बल्लभगढ़ विधानसभा से पूर्व विधायक कु.शारदा राठौर, गिरीश भारद्वाज, जगन डागर, ललित बंसल, अश्विनी कौशिक, रामबहादुर राघव, सुंदर वैष्णव, अनिल शर्मा, रोहित सिंगला, राजेश आर्य मौजूद रहे।

## कैलिफोर्निया से आए छात्रों के साथ शिक्षा, संस्कृति एवं तकनीकी ज्ञान का आदान-प्रदान




समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** सैक्टर 21 बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में जीवा इंट्रैक्ट क्लब ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में रहने वाले अर्जुन और अमायरा के साथ सहयोग किया। अमेरिका के कैलिफोर्निया से आए इन छात्रों ने स्टीम (साइंस, टैक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग,आर्ट्स, एवं मैथमेटिक्स) एजुकेशन सिस्टम के आधार पर रोबोटिक वर्कशॉप का आयोजन किया। ये छात्र शैक्षिक भ्रमण के लिए भारत में आए थे और उन्होंने अपना ज्ञान जीवा पब्लिक स्कूल के छात्रों के साथ साझा किया। यहां पर इन छात्रों ने फर्स्ट रोबोटिक कॉम्पिटिशन के बारे में जानकारी दी और अपने रोबोट के डिजाइनिंग, फंक्शनिंग, कंट्रोलिंग एंव टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बताया कि छात्र रोबोट कैसे डिजाइन करते हैं, रोबोट में कौन-कौन से कॉन्सेप्ट होते हैं, कुछ सेंसर्स के बारे में भी बताया। कुछ मोटर्स और हार्डवेयर के बारे में भी जानकारी दी, एक एक्टिविटी भी करवाई जिसमें बच्चों ने ड्राइव चेन मॉडल बनाया। इसी प्रकार जीवा स्कूल के छात्रों ने भी रोबोटिक्स के बारे में अपने ज्ञान का आदान-प्रदान किया। उन्हें जीवा लर्निंग सिस्टम के तथ्यों और विशेषताओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने कार्यक्रम का अवलोकन किया और सभी के कार्यों की प्रशंसा की। उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव, संयोजिका मिनी जोसेफ भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं।

## आपरेशन स्माईल अभियान में भीख मांगते हुए 147 बच्चों को किया रेस्क्यू



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के द्वारा 1 जुलाई से आपरेशन स्माईल के अंतर्गत एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा-निर्देशानुसार पर कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस की टीमों ने भीख मांगते हुए 147 बच्चों को रेस्क्यू किया है तथा 103 गुमशुदा पुरुष, महिला व बच्चों को किया तलाश करके परिजनों से मिलाया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के द्वारा जुलाई माह में विशेष अभियान आपरेशन स्माईल चलाया गया हैं। इस अभियान के दौरान अपराध शाखा कैट ने भीख मांगने वाले 147 बच्चों को रेस्क्यू कर बच्चो व उनके परिजनों के सीडब्ल्यूसी के समक्ष कथन दर्ज कराए। सीडब्ल्यूसी के चेयरमेन ने परिजनों को अपने बच्चो की पढ़ाई कराने के लिए पेरित किया। अधिकतर बच्चो की उम्र 5 साल से 15 साल तक थी। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस ने गुमशुदा हुए 50 नाबालिक बच्चों व 53 महिला, पुरुष को तलाश किया, साथ ही 18 ऐसे बच्चे जो अनाथ आश्रम व बाल गृह में रह रहे थे उनके परिजनों की तलाश करके हवाले किया है।

## 10 पुलिसकर्मियों को पुलिस आयुक्त ने चुना हीरो ऑफ द वीक



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** जिन पुलिसकर्मियों ने अपनी ड्युटी तैनाती के दौरान अच्छा कार्य किया है उन्हें पुलिस आयुक्त ने अपने कार्यालय में बुलाकर उनके कार्यों व अनुभवों के बारे में जाना गया, साथ ही पुलिस कार्यप्रणाली को बेहतर करने के लिए उनसे सुझाव लिए व उनकी व्यक्तिगत समस्या के बारे में पूछकर समाधान किया गया। सम्मानित किए जाने वालों में उप निरीक्षक गुणपाल, थाना धौज, सहायक उपनिरीक्षक कमल, थाना धौज के अलावा मुख्य सिपाही राममेहर, साइबर थाना सेन्ट्रल और सिपाही प्रदीप, साइबर थाना बल्लबगढ़, सिपाही अंशुल, साइबर थाना एनआईटी, मुख्य सिपाही आनन्द, अपराध शाखा डीएलएफ, एएसआई नरेंद्र सिंह पुलिस चौकी सेक्टर 3 व सिपाही जतिन, अपराध शाखा कैट, सिपाही शिव कुमार, अपराध शाखा बॉर्डर, सिपाही अमित कुमार, अपराध शाखा बॉर्डर शामिल है।

## लॉयस क्लब डेफोडिल ने कावंड़ियों को फल, दवाईयां वितरित की



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** लायंस क्लब डेफोडिल के प्रधान लॉयन योगिन्दर तेवतिया ने अपनी टीम के सदस्य, लायन सुमित मित्तल, एडवोकेट विवेक बंसल, लॉयन विजय कुमार के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग व कावंड़ यात्रा मार्ग से गुजर रही कांवड़ियों की सेवा की और उन्हें फल, दवाईयां, मिठाईयां भेंट की। इस पर उपस्थित साथियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लॉयन योगिन्दर तेवतिया ने कहा कि लॉयस क्लबों के सभी सदस्य पूरा वर्ष जरूरतमंद, बुजर्गों की सेवा कार्यों में लगे रहते है। इसी कड़ी में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से फैसला लिया कि सावन माह में कांवड़ियों की सेवा कार्य करेगें। जिसके तहत पिछले दो दिनों से राष्ट्रीय राजमार्ग व बाईपास रोड़ स्थित कावड़ यात्रा मार्ग पर जाकर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे कांवड़ियों को दवाईयां, फल व मिठाईयां वितरित की गई। उन्होंने बताया कि सावन के पावन महीने में कावड़ लाने वाले कांवड़ यात्रियों की सेवा करना सबसे सबसे बड़ा पुण्य का काम है।

## क्षतिग्रस्त सड़क की रिपेयरिंग शुरू



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** एन.एच.पांच स्थित नीलम पैट्रोल पम्प के साथ वाली क्षतिग्रस्त सडक को रिपेयरिंग करने की मांग को नगर निगम आयुक्त ने पूरा करवा दिया। उक्त समस्या को लेकर समाजसेवी परविन्दर राजपाल ने नगर निगम आयुक्त मोना ए श्रीनिवासन को पत्र लिखकर इस सडक को रिपेयरिंग करने का अनुरोध किया था। जिसके बाद निगमायुक्त ने अधिकारियों को बुलाकर उक्त सडक को जल्द से जल्द रिपेयरिंग करवाने का आश्वासन दिया था। आज नगर निगम अधिकारियों ने सर्वे कर उक्त क्षतिग्रस्त सडक के टुकड़े को रिपेयरिंग करने के लिए खोदा डाला। अब उसे एक-दो दिनों में अगर बारिश नहीं होगी तो इसे ठीक करवा दिया जाएगा। समाजसेवी परविन्दर राजपाल व उनकी टीम के सदस्य एडवोकेट संदीप सेठी, यशपाल शर्मा शर्मा ने निगर निगम आयुक्त का आभार व्यक्त किया है।

## एडिटर की कलम से....

### कोई कोना न रहे अछूता

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति एससी और अनुसूचित जनजाति एससी/एसटी के लिए आरक्षण की व्यवस्था से जुड़े एक मामले में गुरुवार को फैसला दिया कि राज्य सरकारें इन श्रेणियों में उपश्रेणियां बना सकती हैं ताकि इनमें ज्यादा पिछड़ी जातियों के लिए सब-कोटा निर्धारित किया जा सके। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है।


नरबीर यादव
एसोसिएट एडिटर

संभावित असर पर नजर : यह इस सवाल से जुड़ा है कि एससी/एसटी के तहत आने वाले समूहों को एक समान माना जाना चाहिए या नहीं। 2004 में चर्चित ईवी चिन्नैया मामले में सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यों की पीठ ने फैसला दिया था कि इन कैटिगरी में सब-कैटिगरी नहीं बनाई जा सकती। मगर सात सदस्यों की बेंच ने ताजा फैसले में इसे पलट दिया। चूंकि इस सवाल पर देश में अलग-अलग और काफी तीखी राय देखी जाती रही है, इसलिए फैसले के संभावित असर को लेकर कयासबाजी शुरू होना स्वाभाविक है।

सब तक लाभ पहुंचाने की भावना : सच यही है कि रिजर्वेशन की व्यवस्था का फायदा भी रउ/रळ कैटिगरी के तहत आने वाली सभी जातियां समान रूप से नहीं उठा सकीं। ताजा फैसला इस सचाई को स्वीकार करते हुए राज्य सरकारों के लिए यह गुंजाइश बनाता है कि वे इस व्यवस्था का फायदा उन तबकों तक पहुंचाने की व्यवस्था करें जिन तक यह ठीक से नहीं पहुंचा है।

आशंकाओं पर अंकुश : अच्छी बात यह है कि कोर्ट ने उन आशंकाओं को नजरअंदाज नहीं किया, जो इस फैसले से जुड़ी हैं। फैसले में साफ कर दिया गया है कि किसी भी तरह का उप-वर्गीकरण स्पष्ट और भरोसेमंद डेटा के ही आधार पर किया जा सकता है। देखा जाए तो इस शर्त के जरिए फैसले का संकीर्ण राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने की संभावित कोशिशों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है।

जटिलता की झलक : यह फैसला इस लिहाज से भी याद रखा जाएगा कि मसले की जटिलता की झलक पीठ के सदस्यों की अलग-अलग राय में भी मिलती है। ऐसे उदाहरण कम मिलते हैं कि 6:1 के बहुमत से दिए गए फैसले में भी छह ओपिनियन सामने आएं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी तो बहुमत की राय से असंतुष्ट रहीं, लेकिन जो छह जज बहुमत की राय से सहमति रखते हैं, उनके भी पांच अलग-अलग फैसले आए। इनमें क्रीमी लेयर को एससी/एसटी पर भी लागू करने और आरक्षण को एक पीढ़ी तक सीमित करने जैसे अलग-अलग तरह के कई सुझाव दर्ज हुए।

भविष्य के लिए दिशासूचक : साफ है कि कानून के लिहाज से बहुमत का फैसला ही मान्य होगा, लेकिन पीठ के सदस्यों के वैयक्तिक फैसलों में जाहिर हुए ये सुझाव आगे विमर्श की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। कुल मिलाकर, फैसला न सिर्फ पॉलिसी के लेवल पर महत्वपूर्ण दखल है बल्कि आरक्षण जैसे मसले पर भविष्य के लिए दिशासूचक का भी काम कर सकता है।

### मनु भाकर का कमाल

जब पूरा देश यह आस लगाए बैठा है कि पेरिस ओलिंपिक में हमारे ऐथलीट तोक्यो में जीते अब तक के सबसे ज्यादा 7 पदकों का रेकॉर्ड तोड़कर नई और लंबी लकीर खींचेंगे, तब मनु भाकर की जीत की खबर ने स्वाभाविक ही सबका जोश कई गुना बढ़ा दिया है। उनका यह ब्रॉन्ज मेडल सिर्फ इसलिए महत्वपूर्ण नहीं है कि यह पेरिस ओलिंपिक में किसी भारतीय ऐथलीट का पहला मेडल है। इस उपलब्धि की ऐतिहासिक चमक के पीछे कई और बातें हैं। पहली बात तो यह कि मनु ने ब्रॉन्ज मेडल पर कामयाब निशाना लगाकर एक साथ कई कीर्तिमान स्थापित कर दिए हैं। वह ओलिंपिक मेडल जीतने वाली देश की पहली महिला शूटर हो गई हैं। इससे पहले इस ऑल बॉयज क्लब में राज्यवर्धन सिंह राठौर, अभिनव बिंद्रा, गगन नारंग और विजय कुमार ही थे। वही नहीं, मनु पिछले 20 साल में किसी इंडिविजुअल इवेंट में ओलिंपिक के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला भी बनीं। 10 मीटर एयर पिस्टल मुकाबले में तो आज तक कोई महिला शूटर ओलिंपिक फाइनल में भी नहीं पहुंची थी।

मनु जिस मंजिल पर पहुंची हैं, उसे उनकी उतार-चढ़ाव भरी यात्रा भी खास बनाती है। मात्र 19 साल की उम्र में तोक्यो ओलिंपिक तक पहुंचकर वहां अचानक पिस्टल खराब होने की वजह से चूक जाना किसी भी टीनेजर के लिए कितना बड़ा झटका होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है।

**हड़ताल का असर**

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल से कई डिस्पेंसरियों पर लटके ताले

## एड्स कर्मचारियों ने भी शुरू की हड़ताल, दूसरे दिन एनएचएम कर्मियों संग बैठे

समाचार गेट/कविता



**फरीदाबाद।** शहर के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में अनुबंध पर काम कर रहे एनएचएम के सभी कर्मचारी राज्य व्यापी हड़ताल में पिछले आठ दिनों से शामिल है, इसी कड़ी में अब एड्स कर्मचारियों ने भी हड़ताल शुरू कर दी है। उनकी हड़ताल का शुक्रवार को दूसरा दिन था। ऐसे में प्रदेश के स्वास्थ्य केन्द्रों व सिविल अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई। जिले के कुछ स्वास्थ्य केन्द्रों पर ताला लटका मिला। एम्बुलेंस चालक भी हड़ताल में शामिल रहे।

सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में हड़ताल का असर देखने को मिला। केन्द्रों पर डिलीवरी को आई गर्भवती महिलाओं व मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं बीके सिविल अस्पताल के प्रसुति वार्ड और बच्चों की नर्सरी के अलावा कलर्क और डीईआईसी सेंटर में भी स्टाफ की कमी नजर आई। वार्ड में नर्सो का कार्य और बच्चों की नर्सरी में मेडिकल ऑफिसर की देखरेख में मेडिकल स्टूडेंट्स और रेगुलर स्टाफ ने काम किया। डीईआईसी सेंटर के कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने से रूम खाली पड़े रहे। कर्मचारियों का कहना था कि उनकी हड़ताल तब तक जारी रहेगी, जब तक सरकार उनकी मांगों को मान नहीं लेती और वह शनिवार को यानि आज शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा समेत कृष्णपाल गुर्जर और मूलचंद शर्मा के निवास और दफ्तरों का घेराव करेंगे।

बीके अस्पताल में परिसर में जिलेभर में तैनात करीब सात सौ एनएचएम कर्मचारियों ने शुक्रवार को आठवें दिन भी हड़ताल जारी रखी। एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रधान और हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि प्रदेशभर में एनएचएम के तहत अनुबंध पर करीब 18 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं। लेकिन विभाग द्वारा सालों से काम कर रहे कर्मचारियों कभी भी नौकरी से निकाल दिया जाता है। लेकिन उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है। पिछले 26 सालों से काम कर रहे कर्मचारियों की मांग है, कि सरकारी बैठक में पांच अगस्त को उन्हें पक्का करने की फाइल पास हो जाए, इसके लिए वह जिले के तीनों मंत्रियों के पास जाएंगे, ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके। कर्मियों की हड़ताल का असर अस्पताल व केन्द्रों के जच्चा-बच्चा वार्ड में देखने को मिला। कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिली।

एड्स कर्मी भी बैठे हड़ताल परः जिले में करीब सात सौ कर्मचारियों में से 97 प्रतिशत हड़ताल पर रहे। वहीं एड्स कर्मियों ने भी एक अगस्त से हड़ताल शुरू कर दी है, दूसरे दिन हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने मांग की, कि उन्हें भी एनएचएम कर्मियों की तरह ही सम्मान मिले, उनका कहना था कि जब सरकार काम बराबर ले रही है, तो उन्हें वेतन भी सम्मान उपलब्ध करवाया जाए। कर्मियों की हड़ताल के कारण जहां एचआईवी के कुछ केन्द्र खुले थे, वह भी अब पूरी तरह से बंद हो गए। जिसके कारण केन्द्रों पर ताले नजर आए। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण गर्भवती महिलाओं और बुजुर्ग मरीज परेशान थे।

हड़ताल के कारण बंद स्वास्थ्य केन्द्रों से लोगों को लौटते हुए देखा गया। बीके अस्पताल में अन्य दिनों के मुकाबले अधिक संख्या में इलाज को मरीज पहुंचे। वहीं एम्बुलेंस चालक भी इस हड़ताल में शामिल रहे। जिसके कारण जिले में मरीजों को एम्बुलेंस सेवाओं से वंचित रहना पड़ा।

# कांवड़िए पर पांच युवकों ने किया चाकू से हमला, हालत गंभीर



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** मंझावली गांव से कावंड लेने गए 30 व्यक्तियों के एक समूह के लौटने पर भगवान भोले पर जलाभिषेक के बाद घर लौट रहे एक कावंडिए पर गांव के ही पांच युवकों ने चाकू व अन्य धारदार हथियारों से हमला कर दिया। कावंडिएं का आरोप है, कि युवकों ने पहले तो उनकी कावंड को खंडित करने का बाइक से प्रयास किया था, जिसे उसने बचा लिया था, इसके बाद उस पर मौका देखकर आरोपियों ने हमला कर दिया, उनका कहना है कि उनकी किसी से रंजिश नहीं है।

जानकारी के मुताबिक घायल कावंडिया 33 वर्षीय उमेश यादव मंझावली गांव का ही रहने वाला है। वह मेहनत मजदूरी करके अपना पेट पालता है, उसने बताया कि वह गांव के करीब 30 लोगों के संग डाक कांवड़ लेने गया था, वह प्रतिवर्ष कावंड लेने जाते है, उसने बताया कि शुक्रवार को वह अपने साथियों के संग हरिद्वार से डाक कांवड़ लेकर आया था। उसे अपने साथियों के साथ गांव के ही शिव मंदिर में जल चढ़ाया और बाहर से बचे हुए जल को लेने के लिए अपने एक साथी संग निकला, तो उसी वक्त गांव के ही एक लड़के ने उन्हें कई बार बाइक से टक्कर मारने की कोशिश की। लेकिन उसने कावंड को खंडित होने से बचा लिया और विरोध किया और मंदिर में जाकर जल चढ़ा दिया। लेकिन जब वह जल चढ़ाकर मंदिर से लौट रहा था, तो आरोपी बाइक सवार युवक ने अपने चार अन्य साथियों के संग मिलकर दोनों को रोक लिया और उमेश पर हमला कर दिया। चाकू, हाथ के कड़े के अलावा नुकली वस्तु से आरोपियों ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसके चलते उसे काफी गंभीर चोटें आई है। वह बेहोश होकर गिर गया, तो हमलावर उसे छोड़कर भाग निकले, उमेश के साथी कावंड़िये ने गांव के मंदिर में जाकर घटनाक्रम का खुलासा किया, जिस पर परिजन मौके पर पहुंचे और बेहोश उमेश को बल्लभगढ़ के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बीके सिविल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, यहां भी उसे फिलहाल चक्कर आने और कमजोरी की शिकायत बनी हुई है। उसने कहा कि हमलावरों के खिलाफ पुलिस सख्त एक्शन ले और उन्हें जल्द गिरफ्तार करे।

# सेक्टर-11 आर. डबल्यू. ए. के प्रधान बने विकास सिंह



समाचार गेट/ब्यूरो

**फरीदाबाद।** सेक्टर-11 आर. डबल्यू. एस की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें विकास सिंह को प्रधान, राकेश गुप्ता को महासचिव तथा अशोक चोंट कोषाध्यक्ष सभी को निर्विरोध चुना गया। चुनाव प्रक्रिया अनुसार दिनांक 2 /8/ 2024 को नामांकन करने की तिथि तय हुई थी और 4/8/2024 को मतदान होना था। लेकिन आज नामांकन की तारीख पर केवल विकास सिंह ने प्रधान पद राकेश गुप्ता ने महासचिव तथा अशोक चोंट ने खजांची के तौर पर नामांकन पत्र भरे। रिटर्निंग अधिकारी ओपी शर्मा ए ई टी ओ ( सेवानिवृत अधिकारी ) ने तय समय तक इंतजार किया तथा पाया कि इस पैनल के अलावा किसी और ने किसी पद के लिए नामांकन नहीं किया है तत्पश्चात रिटर्निंग अधिकारी ने उपरोक्त पैनल को सेक्टर 11 आर. डबल्यू. एस के लिए चयनित घोषित किया। नवनियुक्त प्रधान विकास सिंह ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को आश्वस्त किया कि मैं अपनी टीम तथा सेक्टर 11 के निवासियों के आशीर्वाद से सेक्टर 11 के विकास कार्यों को और ज्यादा तेजी से करूंगा इस प्रक्रिया में सेक्टर 11 के गणमान्य व्यक्ति जिसमें सतवीर सिंह चाहर पूर्व प्रधान, एम एल आहूजा, सुशील गुप्ता, लक्ष्मण सिंह, संजय शर्मा, तरुण मरवा, पंकज ढल आदि उपस्थित रहे।

**हाल ए बीके सिविल अस्पताल**

# मोर्चरी में बदबू: 14 में से तीन फ्रिज खराब, 12 शव में एक जमीन पर

समाचार गेट/कविता



**मोर्चरी में पिछले दिनों 18 फ्रिज थे, जिसमें से आठ फ्रिज एक साथ खराब हो गए**

**फरीदाबाद।** शहर जहां बरसात से मौसम बदला है, लेकिन उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है, वहीं दूसरी तरफ बीके सिविल अस्पताल में मुर्दे तो क्या उनके परिजनों के अलावा मरीज और तीमारदार भी अस्पताल में परेशान हो रहे है, ऐसा ही यहां देखने को मिला। मोर्चरी में शुक्रवार को 12 शव थे, जिसमें फ्रिज खराब होने के कारण फर्श पर भी शव पड़े थे, जिस कारण बाहर तक मोर्चरी में शव सड़ने की बदबू आ रही थी। ऐसे में पोस्टमार्टम के लिए शवों को लेने आए लोग भी परेशान नजर आए।

### तीन फ्रिज खराब

गौरतलब है कि बीके सिविल अस्पताल की मोर्चरी में पिछले दिनों 18 फ्रिज थे, जिसमें से आठ फ्रिज एक साथ खराब हो गए, जिसके कारण यहां गर्मी में शवों की संख्या बढ़ने के कारण शवों की दुर्गति होने लगी और शवों को खुले में स्ट्रेचरों पर ही मोर्चरी के भीतर रखा जाने लगा। जिस पर पीएमओ डॉ सविता यादव ने फ्रीजरों की मांग की, तो उन्हें गुरुग्राम के पटौदी से चार फ्रीजर एक साथ मिल गए। जिस पर उन्होंने आठ खराब हुए कंडम फ्रीजरों को निकलवा कर उनके स्थान पर पटौदी के चारों फ्रीजर गत मई 2024 में लगवा दिए। लेकिन उनमें से भी अब तीन खराब हो चुके है, जिसके कारण यहां एक बार फिर से शवों की संख्या बढ़ने पर खुले में शवों को रखने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### जल्दी पोस्टमार्टम

शुक्रवार को बीके सिविल अस्पताल की मोर्चरी में 14 फ्रीजरों में तीन खराब होने पर 12 शवों में से एक को बाहर बाहर रखा गया था, जब इस विषय में ड्यूटी पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों से बात की, तो उन्होंने कहा कि खराब फ्रीजरों के कारण हम जल्द से जल्द शवों का पोस्टमार्टम करके परिजनों को सौंप रहे है, ताकि कोई शव फ्रीजर से बाहर न रहे। वहीं जब इस विषय में अस्पताल की पीएमओ डॉ सविता यादव को फोन किया गया, तो उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।

**प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती**

# नशे को कहें न और जीवन को कहें हां: डॉ अशोक

## रसायन विज्ञान के जनक प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती पर किया नमन और कहा इनसे ले युवा प्रेरणा

समाचार गेट/ब्यूरो



**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के प्रमुख श्री ओपी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में नशा मुक्त हरियाणा अभियान चरम पर हैं। ब्यूरो की पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के कुशल नेतृत्व में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी किये जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा आज साइकिल पर चलकर फरीदाबाद बल्लबगढ़ और विभिन्न गांवों तक नशे के विरुद्ध सन्देश को लेकर गए। वे राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्लबगढ़ में पहुंचे और एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय की प्राचार्या रेनू चौधरी की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें 1200 विद्यार्थियों और 35 शिक्षकों ने भाग लिया। भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक और रसायन विज्ञान के जनक प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगस्त का माह हमारे लिए बहुत विशेष हैं। आज के ही दिन 1878 में भारत के राष्ट्र ध्वज तिरंगे की रचना करने वाले पिंगली वेंकैया का जन्म हुआ था। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि विधि अनुसार नशा दो प्रकार का हैं एक प्रतिबंधित और दूसरा चेतावनी युक्त। यद्यपि दोनों प्रकार के नशे मनुष्य के लिए क्षतिकारक हैं तथापि प्रतिबंधित नशा बहुत अधिक घातक हैं क्योंकि इसका पता लगाना सरल नहीं हैं। यदि व्यक्ति शराब और धूम्रपान आदि करता हैं तो शीघ्र ही पास बैठे व्यक्ति को पता लग जाता हैं लेकिन इसके लक्षण थोड़े समय पश्चात और बहुत अधिक भयंकर आते हैं। उन्होंने विस्तारपूर्वक नशे पर गायन, कविताओं के माध्यम से उदाहरण सहित व्याख्या की और ब्यूरो

**एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 1200 विद्यार्थियों और 35 शिक्षकों ने भाग लिया**

के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 बारे बताया कि प्रतिबंधित नशा बेचने वाले लोगों की गुप्त सूचनाएं देकर राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन करें। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई। तत्पश्चात शिक्षकों के साथ अलग से वातालाप करते हुए बताया कि किस प्रकार हम इस नशे जैसे रोग से दूर रह सकते हैं। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा विद्यार्थियों को धाकड़ नाम दिया हैं। कक्षा में 5 विद्यार्थियों के समूह में एक विद्यार्थी धाकड़ बनेगा तथा कक्षा की शिक्षक सीनियर धाकड़ होगी और प्राचार्या नोडल धाकड़।

# मोहना रोड एलिवेटेड पुल के पिलर बनाने का कार्य शुरू

समाचार गेट/सुमित गोयल



**बल्लभगढ़।** शहर वासियों के लिए यह खबर किसी खुश खबरी से कम नहीं है क्योंकि हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा के ड्रीम प्रोजेक्ट मोहना रोड एलिवेटेड पुल के पिलर बनाने का कार्य आज से शुरू हो चुका है ।

कुंडू सिराज जेवी कंस्ट्रक्शन कंपनी और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों द्वारा पिलर का भूमि पूजन कर कार्य की शुरूआत की है।

बता दे कि बीती रात हुई तेज बारिश के कारण केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा जी ने यह कार्यक्रम कैंसिल कर दिया था।

लेकिन पुल के कार्य में देरी न हो इसलिए कैबिनेट मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए आज दोपहर बाद पुल का कार्य शुरू करने की बात कही। इसके उपरांत अधिकारियों ने नारियल तोड़कर एलिवेटेड पुल के पहले निर्माण के कार्य की शुरूआत कर दी है। इस अवसर पर कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक अंकित पन्नू, प्रोजेक्ट मैनेजर दीपक, वाइस प्रेसिडेंट रवि सिंह, पीडब्ल्यूडी के कार्यकारी अभियंता प्रदीप सिंधु, एसडीओ जसमेर सिंह सहित कंपनी के और विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।। उपरोक्त प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए कैबिनेट मंत्री से मूलचंद शर्मा ने बताया कि इस पुल के निर्माण कार्य पर करीब 215 करोड़ की लागत आएगी जिससे भविष्य में बल्लभगढ़ शहर के अंदर लगने वाले जाम की समस्या खत्म हो जाएगी। उन्होंने बताया कि यह पुल बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान से ऊंचा गांव आदर्श नगर थाने तक बनाया जाएगा जो आगरा मथुरा नेशनल हाईवे और मुंबई बड़ोदरा एक्सप्रेसवे को जोड़ने का काम करेगा। इस एलिवेटेड पुल के बनने से करीब 80 गांव के लोगों को फायदा पहुंचेगा वही बल्लभगढ़ के कई सेक्टर और कालोनियों को इसका फायदा पहुंचेगा।

**यह पुल बल्लभगढ़ के दशहरा मैदान से ऊंचा गांव आदर्श नगर थाने तक बनाया जाएगा जो आगरा मथुरा नेशनल हाईवे और मुंबई बड़ोदरा एक्सप्रेसवे को जोड़ने का काम करेगा**

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस पुल के निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के साथ-साथ केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर का भी आभार व्यक्त किया है।

# बघेश्वर धाम में आयोजित कांवड मेला शांतिपूर्वक सम्पन्न, जिला प्रशासन ने ली राहत की सांस

## सरकार के वजीर एवं हाईकोर्ट के न्यायधीश ने किया जलाभिषेक

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बाघेश्वर धाम बागोत में आयोजित कांवड मेला शुक्रवार को शांतिपूर्वक सम्पन्न होने पर जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली हैं। इस मेले में सुरक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से पखवाडेभर पूर्व तैयारियां शुरू कर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्राकृतिक स्वंभू शिवलिंग पर हरियाणा सरकार के वजीर डॉ अभय सिंह यादव,भिवानी-महेंद्रगढ लोकसभा के सांसद वै धर्मबीर सिंह,अटेली के विधायक सीताराम यादव, पूर्व सीपीएस अनिता यादव, जिला पार्षद प्रमुख डॉ राकेश कुमार, पंचायत समिति कनीना के चेयरमैन जेपी यादव सहित पंजाब एवं हरियाणा के हाईकोर्ट के न्यायधीश ने जलाभिषेक किया। कनीना-दादरी मार्ग तथा एनएच 152डी के समीप कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल के नेतृत्व में 210 पुलिस कर्मचारियों को डिप्लोयड किया गया था। जिसमें 150 पुरुष तथा 60 महिला पुलिस कर्मचारी शामिल थे। पुलिस का विशेष दस्ता भी सिविल में मेला गतिविधि पर नजर रख रहा था। यातायात निरीक्षक नरेश कुमार व उनकी टीम ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए बेरिकेटिंग के साथ छह से अधिक प्वाईटों पर डटी हुई थी। कनीना के डीएसपी महेंद्र सिंह,सदर थाना अध्यक्ष निरीक्षक मुकेश कुमार भी लगातार पल-पल की जानकारी ले रहे थे। शिवमंदिर के मंहत



रोशनपुरी व महिपाल नम्बरदार ने बताया कि मंदिर के गर्भगृह सहित बाहर-भीतर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मुख्य मेला शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। शिवभक्तों द्वारा हजारों-हजार कांवड शिवलिंग पर अर्पित की गई। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से मेले में एंबुलेंस,फायर ब्रिगेड,गोताखोर सहित तमाम आपात सेवाओं को अलर्ट रखा गया। ड्यूटी मैजिस्टेट दलबीर सिंह अपने स्टाफ फिल्ड कानूनगो राजेश कुमार,ओमप्रकाश यादव,प्रदीप पटवारी,संजीत पटवारी,शमशेर पटवारी,महेंद्र सिंह खटाना मेला व मंदिर कमेटी तथा पुलिस प्रशासन के संपर्क में रहे। जिसके चलते चेन स्नेचिंग एवं किसी भी आपराधिक घटना घटित न हो सकी। मंहत रोशनपुरी ने बताया कि यहां पर प्रतिवर्ष सावन माह की त्रयोदशी को शिवरात्री तथा फाल्गुन माह की त्रयोदशी को महाशिवरात्री के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें हरियाणा,पंजाब,दिल्ली,राजस्थान सहित विभिन्न स्थानों से शिवभक्त पंहुचते हैं। जिला प्रशासन की ओर से मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कडे इंतजाम किए जाते हैं। जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि कांवड मेले को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। मेले में आने वाले श्रधालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए पहले से ही तैयारियां की गई थी।

# लंबे समय से टूटे सडक मार्ग को नहीं किया जा रहा ठीक

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाईवे 24 से गुढा गांव को लिंक करने वाला रोड टूटने से सडक हादसों को बढावा मिल रहा है। रेलवे क्रासिंग फाटक गुढा से बस स्टैंड जाने वाले 12 फुट चैडे मार्ग की साइडें कटने तथा उसमें गड्ढे होने से वाहन चालक परेशान हैं। ग्रामीणों ने इस मार्ग को 18 फुट अपग्रेड कर पुर्ननिर्माण की मांग की है। दूसरी ओर कनीना-महेंद्रगढ सडक मार्ग पर उन्हाणी के समीप से गुजर रही रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साईफन के कारण करीब दानों ओर दो सो मीटर तक सडक में गड्ढे बने हुए हैं। जबकि जिला प्रशासन की ओर से समय-समय पर रोड सेफ्टि को लेकर बैठक आयोजित कर सम्बंधित अधिकारियों को मार्ग दुरुष्त रखने के निर्देष दिए जाते हैं। उन्हाणी के समीप टूटे मार्ग पर अनेकों सडक हादसे घटित हो चुके हैं। उसके बावजूद लोकनिर्माण विभाग की ओर से सडक निर्माण करना दूर पैचवर्क भी नहीं किया जा रहा है। विभाग के अधिकारी किसी बडे हादसे के इंतजार में हैं। वाहन चालकों ने टूटी सडक को दुरूस्त करवाने की मांग की है।

# उन्हाणी के ग्रामीणों को सामाजिक कुरितियों को लेकर किया जागरूक

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** महिला एवं बाल विभाग की ओर से शुक्रवार को उन्हाणी गांव में आयोजित एक दिवसीय जागरूकता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक कुरितियों के बारे में जागरूक किया गया। सुपरवाइजर कुसुमलता ने बताया कि आंगनवाडी कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

# एससी ए वर्ग के गणमान्य लोगों ने कोटे में कोटा देने पर सुप्रीम कोर्ट का जताया आभार

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** सेठ तनसुख महाराज संत कबीर धर्मशाला में वीरवार को एससी ए वर्ग ने बैठक कर के सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया। निवर्तवान चेयरमैन सुरेश कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में एससी एसटी आरक्षण में जाति आधारित को संभव बताया हैं। शीर्ष अदालत ने ईवी चित्रेया बनाम आंध्र प्रदेश मामले वाले फैसले को बदलते हुए ये आदेश दिया । सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोटे में कोटा समानता के खिलाफ नहीं है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी, जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस एससी शर्मा की पीट ने बहुमत से फैसला सुनाया हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 6-1 के बहुमत से व्यवस्था दी कि राज्यों के पास आरक्षण के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति में उप-वर्गीकरण करने की शक्तियां हैं। कोर्ट ने कहा कि कोटा के लिए एससी, एसटी में उप-वर्गीकरण का आधार राज्यों द्वारा मानकों एवं आंकड़ों के आधार पर उचित ठहराया जाना चाहिए। इस अवसर पर एससी ए वर्ग के राजेंद्र



सरोवा,संजय नागर,ताराचंद साहसी,सुरेश ओड,संजय राणा,सुरेश खटक पूर्व चेयरमैन नगरपालिका, महाबीर सिंह पीटीआई,कमल सिंह पीटीआई,सुरेंद खनगवाल,सज्जन खनगवाल,रामकिशन भगत,रोशन लाल डाबला,अनिल नलोई,सुरेंद्र बाल्मिकी,बिजेंद्र बाल्मिकी,रामबिलास राणा,विजयपाल पवार,मास्टर रमेश खन्ना,विनोद खन्ना,विनोद चावला, बंटी सिंगीकाट व मास्टर अनिल पृथ्वी पुत्र अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एससी एसटी के कोटे मे कोटा पर सुप्रीम कोर्ट की मोहर

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** सेठ तनसुख महाराज संत कबीर धर्मशाला में वीरवार को एससी ए वर्ग ने बैठक कर के सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया। निवर्तवान चेयरमैन सुरेश कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में एससी एसटी आरक्षण में जाति आधारित को संभव बताया हैं। शीर्ष अदालत ने ईवी चित्रेया बनाम आंध्र प्रदेश मामले वाले फैसले को बदलते हुए ये आदेश दिया । सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोटे में कोटा समानता के खिलाफ नहीं है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी, जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस एससी शर्मा की पीठ ने 6-1 के बहुमत से फैसला सुनाया हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 6-1 के बहुमत से व्यवस्था दी कि राज्यों के पास आरक्षण के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति में उप-वर्गीकरण करने की शक्तियां हैं। कोर्ट ने कहा कि कोटा के लिए एससी, एसटी में उप-वर्गीकरण का आधार राज्यों द्वारा मानकों एवं आंकड़ों के आधार पर उचित ठहराया जाना चाहिए।

# गरीब एवं पात्र लोगों के हितों पर नहीं डालने दिया जाएगा डाका : जेपी दलाल

**हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय आउटरिच कार्यक्रम में वित्त मंत्री जेपी दलाल ने सुनी 300 से अधिक लोगों की समस्याएं**

**15 अगस्त से पहले खरीफ फसल 2023 के कपास आदि का मुआवजे की करीब डेढ़ सौ करोड़ की राशि जारी की जाएगी**

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी मंडी।** प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति या अधिकारी को गरीब पात्र लोगों के हितों पर डाका नही डालने दिया जाएगा। अंतोदय परिवारों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने और ऋण संबधी वित्तीय सहायता प्रदान करने की एवज में भ्रष्टाचार करने वाले किसी भी बैंक अधिकारी या कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों का उत्थान करना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत स्वीकृत ऋण पत्र भी पात्र व्यक्तियों को प्रदान किए। वित्त मंत्री दलाल शुक्रवार को सिवानी की कृष्ण प्रणामी धर्मशाला में हरियाणा उदय के तहत जिला स्तरीय आउटरीच कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। हरियाणा उदय के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान बिजली निगम, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, क्रीड सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों की समस्याएं



सुनीं गई। समस्याएं सुनने के अलावा हजारों की संख्या में लोग वित्त मंत्री से मिलने पहुंचे।

वित्त मंत्री जेपी दलाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि 15 अगस्त से पहले पहले खरीफ फसल 2023 की मुआवजा के लिए करीब 150 करोड रुपए की राशि जारी की जाएगी। प्रभावित किसानों के खाते में तुरंत प्रभाव से फसल मुआवजा की राशि डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है। केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के साथ में खड़ी है।

वित्त मंत्री श्री दलाल ने बताया कि जल्द ही लोहारू हलके में पंजीकृत श्रमिकों का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें 10 से 12 हजार पंजीकृत श्रमिक शामिल होंगे। श्रमिक सम्मेलन में प्रदेश के श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा भी मौजूद रहेंगे। इस सम्मेलन में श्रमिकों को उनके अधिकारों और उनके कल्याण में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। सरकार का उद्देश्य है कि सभी पात्र व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले।

इस अवसर पर एसडीएम वीरेंद्र सिंह, डीएफओ डॉ राजेश वत्स, जिप सीईओ असवीर नैन, जीएम दीपक कुंडू, डीएसपी आर्यन चौधरी, नायब तहसीलदार गौरव, डीडीपीओ आशीष मान, सिविल सर्जन डॉ रघुबीर शांडिल्य, एसई विजेंद्र लांबा, एसई बलराज चौहान, डीडीए डॉ विनोद फौगाट, डीडीएएच डॉ रविंद्र सहरावत, उपनिदेशक डॉ आत्म प्रकाश, डीएचओ डॉ देवीलाल, एक्सईएन संजय रंगा, एक्सईएन राकेश सैनी, एसडीओ परमवीर, एक्सईएन बागोतिया, एक्सईएन कपिल देव, सुनील थेपड़, संजय रहड़, संदीप गढ़वा सहित बड़ी संख्या में फरियादी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# व्यापारी सरकार की रीढ़, हर समस्या का कराएंगे समाधानः सन्नी यादव

## गंज बाजार/कटला बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों का हुआ उद्घाटन

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** गल्ला व्यापार समिति गंज व कटला बाजार की ओर से बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने पर उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रशांत सन्नी यादव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पीईबी के पूर्व प्रधान सत्येंद्र प्रसाद टपूकड़ा वाले ने की। इस अवसर पर समिति के प्रधान हेमंत अग्रवाल, उप प्रधान रमेश अग्रवाल, सचिव राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम दास अग्रवाल, सहसचिव गोपाल अग्रवाल व संरक्षक किशन लाल अग्रवाल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। विभिन्न बाजारों से पदाधिकारी व व्यापारी कार्यक्रम में पहुंचे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि प्रशांत सन्नी यादव ने कहा कि व्यापारी केवल शहर की ही नहीं बल्कि सरकार की भी रीढ़ होते हैं। व्यापारियों की सुरक्षा हर लिहाज से सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की जो भी समस्याएं हैं उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान होना आवश्यक है। सरकार की ओर से जो भी सहायता हो सकेगी वह करने का पूरा प्रयास



करेंगे। विधानसभा चुनाव के दौरान भी उनका जो घोषणा पत्र होगा उसमें व्यापारियों की समस्याओं के समाधान को प्रमुखता से रखा जाएगा। बाजारों में सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए, इसको देखते हुए ही गंज बाजार, कटला बाजार ने सीसीटीवी कैमरे लगवाने की जो पहल की है वह निश्चित तौर पर प्रशंसनीय हैं।

सतेंद्र प्रसाद टपूकड़ा वाले ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगाने में सन्नी यादव की तरफ से जो सहायता की गई है उसके लिए बाजार की ओर से वह उनका आभार व्यक्त करते हैं। प्रधान हेमंत अग्रवाल ने कहा कि हर काम सरकार व प्रशासन के भरोसे नहीं छोड़े जा सकते। व्यापारिक संस्थाएं अपने स्तर पर भी प्रयास करके बाजारों को बेहतर बना सकती हैं। उन्होंने कहा कि सन्नी यादव ने गंज बाजार कटला बाजार में सीसीटीवी कैमरे लगाने में जो सहायता की है उसको लेकर व्यापारी वर्ग उनका आभारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सात कैमरे लगने के बाद बाजार में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर हुई है। इस अवसर पर संदीप खंडेलवाल, ऋषि सिंघल, सोहेल गुप्ता, एडवोकेट नवीन गुलाटी, अजीत मिश्रा गम्पु, सुनील यादव, लाला पहलवान,अमित गुप्ता, संयुक्त व्यापार संगठन से अनिल अरनेजा, श्याम दुआ, विपिन अग्रवाल, जवाहर, मुकेश जैन, नीरज गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, पवन बंसल, नवीन सोनी, दीपेश भार्गव, राजेश दत्त, विकास गुप्ता, गंज बाजार कटला बाजार से परमप्रीत कालड़ा, दीपक मित्तल, संदीप गर्ग, अनिल गुप्ता, दीपक मोदी, त्रिलोक चंद, मोहित, उमेश गुप्ता, विपिन गोयल, रिंकू, संजय, प्रमोद गुप्ता, आनंद स्वरूप, देव, हर्षित का विशेष योगदान रहा।

# रामपाल यादव ने कोसली विधान सभा के गांवों का किया दौरा

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री रामपाल यादव ने कोसली विधान सभा के चौकी नंबर 1, जीवड़ा, कुमरोधा, रसूली, एवम जाडरा आदि गांवों में जनसंपर्क किया। उन्होंने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों व योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रचार करते हुए कहा कि हमारी भाजपा सरकार ने सभी वर्गो को साथ लेकर चलने का कार्य किया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक कल्याणकारी योजनाएं जैसे किसान क्रेडिट कार्ड , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ , स्वच्छ



भारत, विकलांगता पेंशन योजना आदि के बारे में जानकारी दी। श्री यादव ने गावों के लोगों को भरोसा दिलाया की प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार फिर से भाजपा सरकार आप सबके सहयोग से बनेगी । श्री यादव ने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री है जो 24 घंटे लगातार देश हित मे कार्यों में लगे रहते हैं । किसानों को उनका सम्मान सिर्फ भाजपा ने दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य है जिसमे 14 फसलों की एमएसपी पर खरीदी की जाती है। अगर किसी ने किसानों का ध्यान रखा है तो वो है भाजपा सरकार। आने वाले समय भाजपा प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास बनाएगी। उन्होंने कहा कि उन्होंने पिछले 43 वर्षों में गांव गांव जाकर पार्टी को बढ़ाने का काम किया है। यदि पार्टी ने उन्हें मौका दिया और आप सभी ने अपना आशीर्वाद दिया तो वे इस क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर उनके साथ कृष्णस्वरूप, लाल सिंह थानेदार, शमशेर सिंह, श्योताज सिंह, मुकेश, घनश्याम, नथु सिंह, महेंद्र शर्मा, अशोक कुमार, सत्यनारायण आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रेवाड़ी पंजाबी समुदाय की विधानसभा चुनाव को लेकर लिया महापंचायत आज

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पंजाबी समुदाय की राजनीतिक भूमिका को निखारने तथा रेवाड़ी में उपजे वर्तमान हालात से लड़ने में आगामी रणनीति तय करने के लिए आज शनिवार 3 अगस्त को जिलास्तरीय पंजाबी स्वाभिमान महापंचायत का आयोजन बिल्बेरी होटल आजाद चौक में किया जाएगा। यह निर्णय गत दिवस पंजाबी समुदाय द्वारा पंजाबी धर्मशाला रेवाड़ी में बुलाई गई बैठक में लिया गया। बैठक में सर्वसम्माति से निर्णय लिया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पंजाबी समुदाय ने हमेशा विधानसभा चुनाव में अहम भूमिका निभाई है। बैठक में बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश भर में



पंजाबी समुदाय में एकता के अभाव में जाति विशेष के लोगों ने समुदाय को दबाने का प्रयास किया है जबकि पंजाबी समुदाय का इतिहास कुर्बानी व मेहनतकश का रहा है। समुदाय द्वारा हमेशा देशभक्ति को सर्वपरि रखते हुए तरक्की की है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि समुदाय के लोग अपने पैरों पर खड़े होने की होड़ में खुद की राजनीतिक ताकत को न भूले। बैठक में कहा कि जिले के सभी पंजाबी संगठनों से 3 अगस्त को महापंचायत के लिए संपर्क किया जाएगा। साथ ही बुद्धि जीवियों व प्रबुद्ध लोगों को भी इस महापंचायत में आंमत्रित किया जाएगा। इस मौके पर किशन लाल मेहता, प्रेमनाथ गेरा, नम्रता सचदेवा, केशव चौधरी, अभिषेक झांम्ब, नरेंद्र सहगल, गुरमुख अनेजा, संजय चांदना,अनिल अरनेजा, नंद लाल ढींगरा, जिम्मी सचदेवा, अशोक जुनेजा, संजय मक्कड़,तिलगुन खन्ना, विजय ढींगरा, किशोर सरपंच, हनी सरपंच, सरदार प्रितपाल सिंह निक्का, घनश्याम बत्रा, सूरज क्वात्रा आदि मौजूद रहें।

# भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रफ्तार जुलाई में हुई धीमी

नई दिल्ली ।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जुलाई माह में मामूली रूप से धीमी रही। दरअसल नए ठेकों और उत्पादन की धीमी रफ्तार इसका कारण रही। दूसरी ओर लागत दबाव और मांग में मजबूती के कारण अक्टूबर 2013 के बाद से बिक्री कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि हुई। गुरुवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में इसकी जानकारी दी गई। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जुलाई में घटकर 58.1 हो गया जो जून में 58.3 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार दिखाता है, जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' भारत के मुख्य विनिर्माण पीएमआई में जुलाई में विस्तार की गति मामूली धीमी रही लेकिन अधिकतर घटकों के मजबूत स्तर पर बने रहने के कारण यह छोटी गिरावट चिंता का कारण नहीं है।'' भारतीय विनिर्माताओं ने जून से मंदी के बावजूद नए ठेकों में पर्याप्त वृद्धि की सूचना दी। एशिया, यूरोप, उत्तरी अमेरिका और पश्चिम एशिया में स्थित ग्राहकों की ओर से मांग में मजबूती की भी खबर है। भारतीय विनिर्माताओं ने जुलाई में अंतरराष्ट्रीय बिक्री में मजबूत वृद्धि का अनुभव किया। सर्वेक्षण के अनुसार, विस्तार की समग्र दर उल्लेखनीय रही और 13 वर्षों में दूसरी सबसे मजबूत थी। कीमतों के मोर्चे पर, मांग में उछाल ने भी कीमतों पर दबाव डाला। कच्चे माल की लागत में करीब दो वर्षों में सबसे तेज वृद्धि हुई, जिसने अक्टूबर 2013 के बाद से बिक्री कीमतों में सबसे तेज वृद्धि में योगदान दिया।

## महंगाई पर रोक लगाने 38 चीजों के दामों पर नजर रखेगी सरकार

नई दिल्ली ।

महंगाई पर लगाने के लिए सरकार अब 38 जरूरी चीजों की कीमतों की रोजाना मॉनिटरिंग करेगी। अब तक 22 चीजों पर नजर रखी जाती थी। नई चीजों में बैंगन, बाजरा, रागी, अंडा, सूजी, बेसन, मैदा, घी जैसी 16 वस्तुएं हैं। हाल ही में प्राइस मॉनिटरिंग सिस्टम मोबाइल ऐप वर्जन 4.0 लॉन्च करते हुए खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यह जानकारी दी। मई में 4.8 फीसदी रहने के बाद जून में रिटेल इंफ्लेशन 5.08 फीसदी पर चली गई थी। खाने-पीने की चीजों की महंगाई दर लगातार आठवें महीने 8 फीसदी से ऊपर रहते हुए जून में 9.36 फीसदी पर पहुंच गई थी।

जोशी ने बताया कि पहली अगस्त से डेली प्राइस मॉनिटरिंग की व्यवस्था में अब 16 और खाद्य वस्तुओं को शामिल कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब बाजरा, ज्वार, रागी, सूजी, मैदा, बेसन, घी, मक्खन, बैंगन,



अंडा, काली मिर्च, धनिया, जीरा, लाल मिर्च, हल्दी और केले की कीमतों पर भी रोजाना नजर रखी जाएगी। कंज्यूमर अफेयर्स डिपार्टमेंट 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 550 सेंटरों के जरिए जरूरी चीजों की कीमतों पर रोज नजर रखता है।

## भारत में शाओमी 14 सीआईवीआई पंडा एडीशन लॉन्च

नई दिल्ली ।

भारत में शाओमी 14 सीआईवीआई पंडा एडीशन को लॉन्च कर दिया गया है। इस डिवाइस में रियर कैमरा में लेइका सुमिलक्स लेंस दिया गया है। इसमें प्रीमियम वीगन लेदर फिनिश के साथ स्पेशल डुअल-टोन डिजाइन दिया गया है। साथ ही यहां नेक्स्ट-जेन क्वॉड कर्व्ड डिस्प्ले भी दिया गया है।

शाओमी 14 सीआईवीआई पंडा एडीशन की कीमत 48,999 रुपये रखी गई है। इसे सिंगल 12जीबी+512जीबी वेरिएंट में उतारा गया है। इस डिवाइस को ग्राहक फ्लिपकार्ट और शाओमी पार्टनर ऑफलाइन स्टोर्स से खरीद सकते हैं।

आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर ईएमआई और नॉन-ईएमआई दोनों तरह के ट्रांजैक्शन पर 3,000 रुपये की अतिरिक्त छूट दी जा रही है।

ग्राहकों को 9 महीने तक के लिए नो-कॉस्टईएमआई पेमेंट ऑप्शन भी दिया जा रहा है। हालांकि, ये ऑप्शन चुनिंदा बैंक के क्रेडिट कार्ड पर दिया जा रहा है।

शाओमी 14 सीआईवीआई पंडा एडीशन में डुअल-टोन फिनिश है, जिसमें वीगन लेदर और मिरर ग्लास फिनिश है। ये पांडा डिजाइन थीम से इंस्पायर्ड है और एक्वा ब्लू, पांडा व्हाइट और हॉट पिंक कलर्स में आता है। सभी वेरिएंट में ब्लैक कलर का ग्लास है, जिसके चलते बैक पैनल पर प्रीमियम टू-कंट्रास्ट कलर मिलता है। ये फोन स्नैपड्रेगन 8एस जेन 3 प्रोसेसर के लैस है। ये सीआईवीआई लाइनअप के समान सिनेमैटिक विजन डीएनए को फॉलो करता है, जिसमें शाओमी और लेइका द्वारा को-डेवलप्ड सुमीलक्स लेंस पावर्ड ट्रिपल रियर कैमरे हैं। शाओमी 14सीआईवीआई पंडा एडीशन में 50 एमपीएफ/1.6 प्राइमरी कैमरा, 20 एमपीएफ/2.0 टेलीफोटो लेंस और 12एमपीएफ/2.2 अल्ट्रावाइड लेंस है। ये डुअल-फ्रंट कैमरा वाले सबसे रेयर स्मार्टफोन्स में से एक है, जिसमें 32एमपीएफ/2.0 प्राइमरी और 32एमपीएफ /2.4 अल्ट्रावाइड लेंस शामिल हैं। रियर और फ्रंट दोनों कैमरे 4के रिजॉल्यूशन में वीडियो रिकॉर्डिंग सपोर्ट करते हैं। इसकी बैटरी 4700 एमएएच की है और यहां 67वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट दिया गया है।शाओमी 14 सीआईवीआई पंडा एडीशन के स्पेसिफिकेशन रेगुलर वेरिएंट जैसे ही है।

डिवाइस में 1.5के रेजोल्यूशन और 120एचझेड रिफ्रेश रेट वाली 6.55-इंच क्वाड-कर्व्ड अमोलेड स्क्रीन है।

## सोने के भाव 70,350, चांदी भी बढ़कर 83,600 रुपए



नई दिल्ली ।

सोने-चांदी के वायदा भाव कारोबार में शुक्रवार को भी तेजी देखने को मिल रही है। दोनों के वायदा भाव शुक्रवार को तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 70,350 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 83,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में भी सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट 285 रुपये की तेजी के साथ 70,239 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 377 रुपये की तेजी के साथ 70,331 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रैक्ट 1,108 रुपये की तेजी के साथ 83,702 रुपये पर खुला। इस समय यह 992 रुपये की तेजी के साथ 83,586 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,490.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,480.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 16.20 डॉलर की तेजी के साथ 2,497 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 28.62 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 28.47 डॉलर था। इस समय यह 0.38 डॉलर की तेजी के साथ 28.85 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# बैंकों में वापस आ गए 98 फीसदी 2000 रुपए के नोट: आरबीआई

नई दिल्ली ।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2,000 रुपये के नोट को लेकर ताजा जानकारी दी है। बैंक ने बताया कि 97.92 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। चलन से हटाए गए केवल 7,409 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से हटाने की घोषणा की थी। जिसके अनुसार उस समय चलन में 2,000 रुपये के बैंक नोट का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 जुलाई, 2024 को घटकर 7,409 करोड़ रुपये रह गया।

केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में मौजूद 2,000 रुपये के 97.92 फीसदी बैंक नोट वापस आ गए हैं। दो हजार रुपये के बैंक



नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा सात अक्टूबर, 2023 तक देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। चलन से हटाए गए 2,000 रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है।

## देश में कोयला उत्पादन जुलाई में बढ़कर 7.41 करोड़ टन

नई दिल्ली ।



देश में कोयला उत्पादन जुलाई महीने में 6.69 प्रतिशत बढ़कर 7.41 करोड़ टन रहा। कोयला मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में देश में कोयला उत्पादन 6.94 करोड़ टन रहा था। कुल कोयला आपूर्ति इस साल जुलाई में 4.58 प्रतिशत बढ़कर 7.95 करोड़ टन रही जो पिछले साल इसी महीने में 7.60 करोड़ टन थी। मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 10 कोयला खदानों के लिए आदेश जारी किये गये हैं। ये खदान देश की कोयला उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। इसमें एक पूरी तरह से खोजी गई और नौ आंशिक रूप से खोजी गई खदानें शामिल हैं। ये खदानें झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देंगी।



## यूपीआई से हर महीने जुड़ रहे 60 लाख नए उपयोगकर्ता

नई दिल्ली ।

देश में डिजिटल ट्रांजेक्शन रिकॉर्ड तेजी से बढ़ रहा है। जुलाई महीने में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) आधारित लेन-देन में जोरदार उछाल आया है। यह आंकड़ा 20.64 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यूपीआई पर अब हर महीने 60 लाख नए उपयोगकर्ता जुड़ रहे हैं, जिसकी वजह यूपीआई पर रुपे क्रेडिट कार्ड और विदेशों में इसकी शुरुआत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मुद्रा और वित्त 2023-24 पर नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार देश अपने मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, जीवंत फिनटेक पारिस्थितिकी तंत्र और अनुकूल नीतिगत माहौल के दम पर दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रणी बनकर उभर रहा है। नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने गुरुवार को इस संबंध में आंकड़े जारी किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपीआई लेन-देन में पिछले साल के मुकाबले 35 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जुलाई में यूपीआई से होने वाले कुल लेनदेन की संख्या लगभग 4 प्रतिशत बढ़कर 14.44 बिलियन हो गईं। औसत दैनिक लेनदेन की मात्रा 466 मिलियन रही।

## एचडीएफसी बैंक ने अपने ग्राहकों को सतर्क रहने की सलाह दी

**नई दिल्ली ।** एचडीएफसी बैंक ने अपने ग्राहकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। निवेश के अवसर देने के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स को लेकर उन्हें सतर्क रहने के लिए कहा गया है। निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक ने कहा कि ज्यादातर आकर्षक ऑफर सोशल मीडिया मंचों के जरिये आते हैं। इस सलाह का उद्देश्य ग्राहकों की सुरक्षा के लिए संभावित निवेश धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। बैंक ने अपनी सलाह में कहा कि निवेश धोखाधड़ी के मामलों में धोखेबाज आमतौर पर शेयर, आईपीओ, क्रिप्टोकरेंसी, बिटकॉइन जैसी परिसंपत्तियों में निवेश पर असामान्य रूप से अधिक रिटर्न का वादा करते हुए नजर जाते हैं। इस फर्जीवाड़े में नकली ऑटोमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लेटफॉर्म या ऐप बनाना भी शामिल है। यहां पर पीड़ितों को निवेश में भारी-भरकम रिटर्न का संकेत देने वाले नकली डैशबोर्ड दिखाई देते हैं। बयान के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति किसी ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार होता है तो उसे भुगतान चैनल ब्लॉक करने के लिए तत्काल बैंक को उस अनधिकृत लेनदेन की सूचना देनी चाहिए। प्रभावित ग्राहकों को गृह मंत्रालय की तरफ से शुरू की गई 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके भी शिकायत दर्ज करानी चाहिए। इसके अलावा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करानी चाहिए।

HDFC BANK

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

### सेंसेक्स 886 अंक , निफ्टी 293 अंक गिरा

मुम्बई ।

घरेल शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से बजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आया है। जानकारों के अनुसार कमजोर अमेरिकी जॉब डेटा आने के बाद विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली से भी बाजार गिरा है। इससे मेटल, ऑटो और आईटी क्षेत्रों के शेयरों में गिरावट रही। जैसे सेक्टर के स्टॉक्स में देखने को मिला।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 885.60 अंक करीब 1.08 फीसदी नीचे आकर 80,981.95 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 293.20 अंक करीब 1.17 फीसदी नीचे आकर 24,717.70 के स्तर पर बंद हुआ। बाजार में गिरावट का एक कारण पहली तिमाही में कंपनियों का परिणाम बेहतर नहीं होना भी रहा। निफ्टी फार्मा के शेयर आज 0.52 की बढ़त के साथ ऊपर आकर बंद हुए। अन्य क्षेत्रों में गिरावट दर्ज की गयी। निफ्टी में कुल मिलाकर 8 शेयर ही लाभ पर बंद हुए। सबसे अधिक लाभ डिविज लैबोरेटरीज को हुआ। इस कंपनी के शेयर आज 1.74 फीसदी की उछाल के साथ 4,973.05 रुपये पर बंद हुआ। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक , डॉर रेड्डी लैब, सन फार्मा, ब्रिटानिया, नेस्ले इंडिया, कोटक बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर भी ऊपर आये।



दूसरी ओर निफ्टी में आज ज्यादातर शेयर गिरावट पर बंद हुए। सबसे ज्यादा गिरावट आयशर मोटर्स में रही। इसके शेयर आज 5.15 फीसदी नीचे आकर 4,713 रुपये पर बंद हुए। इसके अलावा, टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, जेएसडब्ल्यू स्टील और हिंडाल्को के शेयर भी गिरे। निफ्टी50 पर सबसे ज्यादा गिरावट निफ्टी रियल्टी में (-3.53 फीसदी) देखने को मिली। इसके अलावा, निफ्टी ऑटो, निफ्टी आईटी और निफ्टी मेटल में 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गयी।

वहीं अन्य बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्की और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नीचे आये । यूरोप के बाजार गिरा है। अमेरिकी शेयर बाजार में भी गिरावट रही। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई है। बीएसई सेंसेक्स लगभग 700 अंक गिरकर 81,158.99 के स्तर पर खुला, जबकि निफ्टी50 में 220 अंकों की गिरावट आई और यह 24,789 पर पहुंचा।

बीएसई पर आईटीसी और एचयूएल टॉप गेनर्स रहे, जबकि मारुति और टाटा मोटर्स टॉप लूजर्स रहे। इसी तरह एनएसई पर अपोलो हॉस्पिटल्स और नेस्ले ही एकमात्र गेनर्स रहे, जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील और टाटा स्टील टॉप लूजर्स रहे। बॉडर मार्केट्स में गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी स्मॉलकैप और मिडकैप में 1 फीसदी की गिरावट आई।

## जोमेटो का शेयर 52 हफ्तों के उच्चतम स्तर पर



**मुंबई ।** होटल तथा रेस्तरां से खाने वाली वस्तुओं की खरीद का विकल्प पेश करने वाले ऑनलाइन मंच जोमेटो के शेयर शुक्रवार को तेजी के साथ खुला। कंपनी का शेयर अपने 52 हफ्तों के उच्च स्तर पर पहुंच गया है, इसमें 17 फीसदी की तेजी आई और ये 278 रुपए के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। गुरुवार को स्टॉक 234 रुपए के लेवल पर बंद हुआ था और शुक्रवार को इसकी ओपनिंग 244 रुपए पर हुई थी। स्टॉक अपने अपर सर्किट लेवल से कुछ ही देर था। हालांकि, इसके बाद से स्टॉक थोड़ा नीचे आकर 261 रुपए के आसपास कारोबार कर रहा था। जोमेटो ने गुरुवार को जोरदार नतीजे तो पेश किए ही थे, इसके बाद इसका मार्केट कैप 2.27 लाख करोड़ के पार पहुंच गया है। तिमाही आधार पर अब तक का सब ज्यादा 253 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज हुआ है। पिछले साल 48 करोड़ एबिटिडा घाटे के मुकाबले 177 करोड़ का ऐबिटिडा दर्ज हुआ है। फूड डिलीवरी और ब्लिंकिट में अच्छी ग्रोथ दर्ज हुई है। बताया गया है कि इंटरनेट स्टॉक्स में जोमेटो का शेयर टॉप पिक है। कंपनी का लक्ष्य 2026 तक ब्लिंकिट के 2000 स्टोर्स खोलने का है। इस विकास की दिशा में कंपनी तेजी से काम कर रही है, जिससे भविष्य में और भी बेहतर परिणामों की उम्मीद की जा रही है।

# इंफोसिस को कथित टैक्स चोरी मामले में राहत

नई दिल्ली ।

देश की प्रमुख आईटी कंपनी इंफोसिस को कथित टैक्स चोरी के मामले में बड़ी राहत मिली है। कर्नाटक सरकार ने कंपनी को भेजे गए 32,403 करोड़ रुपये के नोटिस को वापस ले लिया है। इस भारी भरकम नोटिस को लेकर इंफोसिस सुर्खियों में थी और गुरुवार को ही उसकी ओर से सफाई जारी की गई थी। बीते कारोबारी दिन गुरुवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इंफोसिस की ओर से बताया गया कि कंपनी को कर्नाटक राज्य के अधिकारियों से एक मैसेज मिला है, जिसमें उसे भेजे गए बताओ नोटिस को वापस लेने का जिक्र है। कंपनी को एक दिन पहले ही 32,403 करोड़ रुपये की जीएसटी डिमांड नोटिस मिला था और इस पर डायरेक्टर जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) ने जवाब मांगा था। रिपोर्ट के मुताबिक टैक्स चोरी का ये मामला जुलाई 2017 से 2021-2022 तक का है। आरोप है कि इस अवधि के दौरान इंफोसिस ने अपनी विदेशी शाखाओं से सेवाएं प्राप्त की लेकिन उन पर 32,403 करोड़ रुपये के टैक्स का भुगतान नहीं किया। टैक्स



दस्तावेजो में कहा गया है कि इंफोसिस सर्विसेज के प्राप्तकर्ता के रूप में सेवाओं के आयात पर आईजीएसटी का भुगतान नहीं करने के मामले पर जांच के दायरे में हैं।

## सरकार बंद कर सकती है सॉवरेन गोल्ड बांड स्कीम!



नई दिल्ली । केंद्र सरकार के बजट में सोने पर सीमा शुल्क में कमी की घोषणा के बाद सोने की कीमतों में गिरावट आई है, जिससे खरीदारों और व्यापारियों दोनों को राहत मिली है। वहीं केंद्र सरकार अब सितंबर माह में सॉवरेन गोल्ड बांड योजना को बंद करने पर विचार कर रही है। गौरतलब है कि कस्टम ड्यूटी में कमी करने के बाद सोने की कीमतों में कमी ने एसजीबी, फिजिकल गोल्ड और गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड समेत सोने के सभी निवेशों पर रिटर्न को प्रभावित किया है, जिसकी चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर अब लगभग 10-11 प्रतिशत होने की उम्मीद है। एक विश्लेषक के अनुसार अगर शुल्क में कटौती नहीं होती तो यह 6 से 7 प्रतिशत अधिक हो सकता था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एसजीबी के जरिए राजकोषीय घाटे को वित्तपोषित करने की लागत काफी अधिक है और यह योजना से निवेशकों को मिलने वाले फायदे के अनुरूप नहीं है। इस असमानता के कारण सरकार अगले महीने होने वाली बैठक में इस योजना को बंद करने का निर्णय ले सकती है।

## अडानी समूह का सुपर ऐप अब देगा डिजीटल लोन

**मुंबई ।** अडानी समूह के सुपर ऐप अडानी वन ने प्लेटफॉर्म के जे रिए ऋण वितरित करने की शुरुआत की है। इस संबंध में डिजिटल ऋण देने वाली फर्मों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के साथ पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। अदानी वन का संचालन अदानी एंटरप्राइज लिमिटेड की डिजिटल शाखा अदानी डिजिटल लैब्स लिमिटेड के तहत किया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार इसने व्यक्तिगत ऋण देने के लिए फिनटेक कंपनी क्रेडिटबी की एनबीएफसी सहायक कंपनी क्रेजीबी सर्विसेज के साथ साझेदारी की है। अडानी का सुपर ऐप पहले यात्रा और हवाईअड्डा सेवाओं पर केंद्रित था। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अडानी वन अपने क्रेडिट उत्पाद पेशकश का विस्तार करने के लिए अन्य एनबीएफसी और फिनटेक कंपनियों के साथ भी चर्चा कर रही है। एक सूत्र ने आउटलेट को बताया कि अधिक साझेदारियां आने वाली हैं।

# पेरिस ओलंपिक: भारतीय हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर इतिहास रचा

**कोलंबो (एजेंसी)।** पेरिस (ईएमएस)। भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को अंतिम ग्रुप मैच में हराकर इतिहास रच दिया। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को ओलंपिक में 52 साल बाद हराया है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को एक रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराया। भारत ने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया को म्यूनिख ओलंपिक 1972 में हराया था।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की हॉकी टीमें पेरिस ओलंपिक के ग्रुप बी में हैं। वहीं बेल्जियम इस ग्रुप में अपने चारों मैच जीतकर पहले नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया 9 अंक के साथ दूसरे और भारत 7 अंक लेकर तीसरे नंबर पर है। वहीं अर्जेंटीना के भी 7 अंक हैं, लेकिन वह गोल अंतर में पीछे होने के चलते चौथे नंबर पर है। आयरलैंड और न्यूजीलैंड अपने चारों मैच हारा है और खिताबी रेस से बाहर हैं।

भारत ने इस मैच में तेज शुरुआत की। ऑस्ट्रेलिया ने 10वें मिनट में जोरदार अटैक किया। उसे पेनाल्टी कॉर्नर भी मिला लेकिन भारत ने गोल नहीं होने दिया।

भारत ने पहले क्वार्टर के 12वें मिनट में गोल किया। यह मैच का पहला गोल अभिषेक ने ललित के शॉट पर रिबाउंड पर किया। भारत ने इसके साथ ही 1-0 की बढ़त बना ली है।

भारत ने 13वें मिनट में एक गोल और किया। ये गोल पेनाल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किया। पहले क्वार्टर का खेल खत्म होने पर भारत 2-0 से आगे रहा। यह पेरिस ओलंपिक में पहला मौका है, जब भारत ने किसी टीम के खिलाफ पहले क्वार्टर में दो गोल किए हैं।ऑस्ट्रेलिया ने 19वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किया, हालांकि, वह गोल नहीं कर सका।

ऑस्ट्रेलिया ने 25वें मिनट में गोल कर दिया है। उसने इस गोल के साथ ही भारत की बढ़त कम कर दी है। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह गोल थॉमस क्रेग ने किया। मैच का दूसरा क्वार्टर खत्म हुआ तो भारत 2-1 से आगे रहा।

तीसरे क्वार्टर की शुरुआत भी तेज हुई है। पहले ही मिनट में ऑस्ट्रेलिया बॉल लेकर भारतीय टीम में पहुंचा, पर गोल नहीं कर पाया. इसके एक मिनट बाद ही भारत ने पेनाल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया. ऑस्ट्रेलिया ने भारत के पेनाल्टी कॉर्नर को बचाने में गलती की। हरमनप्रीत का शॉट ऑस्ट्रेलिया के डिफेंडर के पैर से लगा और भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिल




गया। हरमनप्रीत ने इस पर गोल कर भारत को 3-1 से आगे कर दिया। यह हरमनप्रीत सिंह का पेरिस ओलंपिक में छठा गोल है। ऑस्ट्रेलिया के गोवर्स ने अंतिम क्वार्टर में एक गोल किया पर भारत ने मुकाबला 3-2 से जीत लिया।

# पेरिस ओलंपिक: मनु 25 मीटर पिस्टल इवेंट के फाइनल में पहुंची



### -आज जीत सकती हैं तीसरा पदक

**पेरिस (एजेंसी)।** भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर अब पेरिस ओलंपिक में अपने तीसरे पदक के करीब पहुंच गयी हैं। मनु महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल इवेंट के फाइनल में पहुंच गयी हैं। ऐसे में उनके पास शनिवार को अपने पदकों की हैट्रिक पूरी करने का अच्छा अवसर है।

मनु ने रैपिड राउंड की शुरुआत शानदार तरीके से करते हुए 25 मीटर पिस्टल क्वालीफिकेशन रैपिड राउंड में दूसरा स्थान हासिल किया। मनु ने सीरीज 2 में कुल 98 का स्कोर बनाया। वहीं पहली सीरीज में उन्होंने 100 का स्कोर किया थी।

मनु ने प्रेसिजन में पहली सीरीज में कुल 97 का स्कोर किया है। वहीं दूसरी सीरीज में 98 स्कोर कर शीर्ष 8 में जगह के प्रयास किये। इसके बाद तीसरी सीरीज में 99 अंक हासिल करते हुए कुल 294 अंकों के साथ मनु तीसरे स्थान पर रही। इस भारतीय निशानेबाज ने तीसरे और फाइनल सीरीज में 97 अंक हासिल किए। 8 शॉट में 10 अंक जबकि दो में 8 और 9 अंक हासिल किए जबकि ईशा को 581 अंक लेकर 10 वां स्थान मिला। मनु ने इससे पहले 10 मीटर एयर पिस्टल में पहला कांस्य पदक जीता था और इसके बाद वो 10 मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड इवेंट में सरबजोत सिंह के साथ मिलकर एक और कांस्य जीतने में सफल रहीं। वहीं अब 25 मीटर इवेंट में वो फिर पदक जीत सकती हैं.

वहीं रैपिड राउंड में भारत की ही ईशा सिंह ने पहली सीरीज में कुल 97 अंक हासिल किए। उन्होंने 10 में से 7 शॉट 10 का लगाया और 3 शॉट में 9 अंक हासिल किए। वहीं दूसरी सीरीज में इस भारतीय निशानेबाज ने 100 में से कुल 96 अंक हासिल किए। 10 में से उन्होंने 6 में परफेक्ट 10 का स्कोर किया जबकि 4 में 9 अंक हासिल किए। वह प्रेसिजन में 10वें स्थान पर रही।

# आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सात करोड़ डॉलर का बजट मंजूर किया

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए बजट की घोषणा कर दी है। आईसीसी की कोलंबो में जो सालाना बैठक के बाद ये घोषण की गयी है। आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन के लिए करीब सात करोड़ डॉलर के बजट को मंजूरी दी है। बीसीसीआई सचिव जय शाह की अध्यक्षता वाली आईसीसी की वित्त और वाणिज्य कमेटी ने इस बजट को मंजूरी दी। इसमें अनुमानित बजट करीब सात करोड़ डॉलर का है और केवल 45 लाख डॉलर अतिरिक्त खर्च के लिए आवंटित किए गए हैं। वहीं कुल बजट और अतिरिक्त खर्च रकम को लेकर आईसीसी की पिछली बैठक में ये अटकलें लगायी जा रहीं थी कि अगर भारतीय टीम टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान नहीं आती है तो बैकअप कोष रखा जाएगा। इसके लिए 45 लाख डॉलर काफी कम बताये जा रहे हैं। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने अपने कार्यालय और साथी सहकर्मियों को सलाह दी है कि वे चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत के अपनी टीम भेजने को लेकर कोई भी बयान नहीं दें। पीसीबी प्रमुख ने इस मुद्दे पर खुद और अन्य अधिकारियों के लिए एक नीति अपनाई है कि इस पर टिप्पणी नहीं की जाए और आईसीसी को ही इसे संभालने दिया जाए। इसलिए ही हाल के दिनों में नकवी या किसी अन्य बोर्ड अधिकारी की ओर से इस बारे में कोई टिप्पणी या बयान नहीं आया है कि अगर भारत अपनी टीम पाक नहीं भेजता है तो क्या होगा।

# हार से सिंधु का लगातार तीसरा ओलंपिक पदक जीतने का सपना टूटा

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ओलंपिक में तीसरी बार पदक जीतने का रिकार्ड बनाने में असफल रही हैं। सिंधु को प्री-क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। उन्हें चीन की हे बिंग जियाओ के हाथों दो गेमों में 21-19 और 21-14 से लगातार हार का सामना करना पड़ा है। ये पहली बार बार है जब सिंधु ओलंपिक से खाली हाथ वापस लौट रही हैं। इससे पहले उन्होंने दो ओलंपिक खेले थे और दोनों में ही पदक जीते थे। सिंधु अगर पेरिस ओलंपिक में पदक जीत जाती, तो वह ओलंपिक के इतिहास में लगातार तीन पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी जाती पर हार के साथ ही



उनका ये सपना टूट गया। सिंधु ने ओलंपिक में दो पदक जीते हैं। उन्होंने रियो ओलंपिक 2016 में रजत और टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीता था।

सिंधु और बिंग जियाओ के खिलाफ मुकाबला तकरीबन एक घंटे तक चला। मुकाबले में सिंधु की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उन्हें कुछ गलतियां की वहीं जियाओ ने कुछ सटीक स्मैश लगाए जिससे चीन की खिलाड़ी 5-1 की बढ़त बनाने में सफल रही। सिंधु को कोर्ट पर मूवमेंट में दिक्कत हो रही थी और उन्होंने कुछ शॉट बाहर मारकर चीन की खिलाड़ी को 7-2 की बढ़त बनाने का मौका दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद कुछ अच्छे अंक जुटाकर वापसी की कोशिश की, लेकिन जियाओ ब्रेक तक 11-8 से आगे रहीं। सिंधु ने चीन की खिलाड़ी पर दबाव बनाया।

तीन बेहद करीबी अंक मिलने से सिंधु 12-12 पर बराबरी हासिल करने में सफल रहीं। बिंग जियाओ ने सिंधु के शरीर पर स्मैश के साथ 19-17 की बढ़त बनाई। भारतीय खिलाड़ी ने लगातार दो अंक के साथ स्कोर 19-19 किया। चीन की खिलाड़ी ने लाइन पर शॉट मारकर एक गेम अंक हासिल किया और फिर लंबी रैली के बाद क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ पहला गेम 30 मिनट में 21-19 से जीत लिया।

दूसरे गेम में भी बिंग जियाओ ने अपने स्मैश से सिंधु को परेशान किया और लगातार छह अंक के साथ 8-2 की बढ़त बनाकर मुकाबला जीत लिया।

# पेरिस ओलंपिक : अंकिता और धीरज क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

पेरिस। भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत और धीरज बोमादेवरा की जोड़ी यहां पेरिस ओलंपिक की मिश्रित स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है। अंकिता और



धीरज की जोड़ी ने इस मुकाबले में 5-1 से इंडोनेशियाई जोड़ी को हराया। अंकिता और धीरज की भारतीय जोड़ी ने इस मुकाबले में शानदार खेल दिखाते हुए पहला सेट 37-36 से जीता और 2 अंक लेकर शुरुआत की। वहीं दूसरे सेट में मुकाबला कठिन रहा और इंडोनेशियाई जोड़ी ने 38-38 स्कोर के साथ बराबरी पर ला दिया। भारतीय जोड़ी को यहां 1 अंक मिला और उसका स्कोर तीन हो गया। इसके बाद अगले दौर में अंकिता और धीरज ने 38-37 से जीत हासिल करते हुए 2 अहम अंक हासिल कर अंतिम आठ में जगह बनायी।

# उथप्पा बोले, सचिन तेंदुलकर और सौरव जैसी सफल रहेगी शुभमन और यशस्वी की जोड़ी



नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर रोबिन उथप्पा ने शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि श्रीलंका के खिलाफ जिस प्रकार टी20 सीरीज में शुभमन और यशस्वी ने पारी की शुरुआत करते हुए जमकर रन बनाये। उससे ये लगने लगा है कि ये जोड़ी भी आने वाले समय में सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली जैसी जोड़ी की तरह ही सफलताएं हासिल करेगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टी20 से संन्यास लेने के बाद माना जा रहा है कि रोहित और विराट का विकल्प भी ये दोनो ही बनेंगे। इस जोड़ी ने टी20 सीरीज में पहले छह ओवरों में 74 रन बनाए और टीम के लिए जबरदस्त आधार तैयार किया। इससे पहले इस जोड़ी ने जिम्बाब्वे में भी काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। तब शुभमन ने टीम की कप्तानी भी की थी। उथप्पा ने कहा कि शुभमन और जायसवाल की केमिस्ट्री और खेलने की शैली को देखकर ही उन्हें गांगुली और तेंदुलकर की जोड़ी की याद आ जाती है। इस जोड़ी ने 136 पारियों में 49.32 की औसत 6609 रन बनाए। उन्होंने 21 शतकीय साझेदारियां और 23 अर्धशतकीय साझेदारियां की, जिसने क्रिकेट में शुरुआती जोड़ियों के लिए एक उच्च मानक स्थापित हुआ। उथप्पा ने कहा कि जिस तरह से शुभमन और यशस्वी मैदान पर खेलते हुए दिखते हैं उससे सचिन–गांगुली की यादें ताजा हो गई हैं।

# भारत के लिए ओलंपिक खेलों की मेजबानी आसान नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत साल 2036 में ओलंपिक मेजबानी करना चाहता है पर ये इतना आसान नहीं है। ओलंपिक में दुनिया भर के खिलाड़ी भाग लेते है। ऐसे में इसके आयोजन और इंतजामों पर हजारों करोड़ रुपये का खर्च आता है हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया की देखरेख में एक कमेटी ओलंपिक आयोजन के सपने को पूरा करने की तैयारियां कर रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो भारत 2036 ओलंपिक मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश करेगा। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, पेरिस ओलंपिक 2024 की मेजबानी पर 10 बिलियन डॉलर (करीब 83,000 करोड़ रुपये) का खर्च आने की उम्मीद है। हालांकि यह बस अनुमान है। दरअसल, ओलंपिक खेलों में स्टेडियम और खेल



सुविधाओं के विकास के साथ पर्यटन, सुरक्षा सहित अन्य सुविधाओं के विस्तार पर मोटा खर्च आता है। ऐसे में छोटे देशों के लिए इसकी मेजबानी करना संभव नहीं होता है।

वहीं अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अनुसार, खेलों की मेजबानी से अधिक नौकरियां पैदा होती हैं। मेजबान देश में पर्यटन को बढ़ावा मिलता है और शहर को आर्थिक लाभ मिलता है। कम से कम 1960 के बाद से हर ओलंपिक मेजबान ने योजना से ज्यादा खर्च किया है। हर ओलंपिक खेलों का कैलेंडर लगभग सात साल पहले तय किया जाता है, चाहे उस समय की आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। हालांकि, कुल खर्च और कमाई के बारे में पारदर्शिता बहुत कम है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, लंदन ओलंपिक 2012 पर 16.8 बिलियन डॉलर (89,000 करोड़), रियो ओलंपिक 2016 पर 23.6 बिलियन डॉलर (1.55 लाख करोड़) और टोक्यो ओलंपिक 2020 पर 13.7 बिलियन डॉलर (1.04 लाख करोड़ रुपये) खर्च हुए थे। इन आंकड़ों को देखकर ये साफ है कि जिस देश को भी ओलंपिक की मेजबानी करनी होगी उसे एक मोटी रकम खर्च करनी होगी। इसलिए भारत को मेजबानी करनी है, तो एक मोटी रकम जोड़नी होगी। सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए भारत ओलंपिक की मेजबानी के लिए एक मजबूत दावेदार है। लेकिन भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी और एक मजबूत रणनीति तैयार करनी होगी।

# ओलंपिक में विजेताओं को इसबार पदक के साथ ही अन्य पुरस्कार भी मिल रहे



पेरिस । पेरिस ओलंपिक में इस बार पदक विजेताओं को इस बार इनाम के साथ ही एक विशेष सुनहरा बॉक्स भी दिया जा है। इसमें अतिरिक्त पुरस्कार हैं जो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को दिये जा रहे हैं। पेरिस में इस बार खेलों के लिए विशिष्ट पोस्टर को पेश करके पिछले ओलंपिक की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अलग और आकर्षक रवैया अपनाया गया है। यह पोस्टर कलाकार उगो गैटोनी ने विशेष रूप से लिए तैयार किया है। उगो को विश्व स्तर पर अपनी मनमोहक शैली के लिए जाना जाता है। इस कलाकार ने पोस्टरों के शानदार डिजाइन तैयार करने में ही छह महीने लगा दिये थे। आयोजकों का विजेताओं को गिफ्ट में पोस्टर देने का यह अनोखा कदम पेरिस 2024 को पिछले ओलंपिक से अलग बनाता है। 2020 टोक्यो ओलंपिक में एथलीटों को पीले, हरे और नीले फूलों के गुलदस्तों से सम्मानित किया गया जबकि रियो 2016 में पदक विजेताओं को आधिकारिक लोगों के मॉडल प्राप्त हुए। वहीं लंदन 2012 में पदक विजेताओं को फूल दिये गये। ये अतिरिक्त पुरस्कार शहर की गहरी सांस्कृतिक विरासत और जीवन में एक बार होने वाले ओलंपिक खेलों की प्रकृति के मिश्रण का प्रतीक है। पोडियम पर पहुंचने वालों को पोस्टर के अलावा ओलंपिक शुभंकर का स्टफ टॉय भी दिया जा रहा है। पिछले वर्षों में खेलों का आधिकारिक शुभंकर कोई न कई जानवर रहा है पर इस बार फ्रीजियन टोपी को शुभंकर बनाया गया है। यह हेडवियर फ्रांस में लोकप्रिय है और यह उनकी स्वतंत्रता का प्रतीक है। शुभंकर का यह अनूठा संस्करण प्रमुखता से चित्रित रंगों के साथ स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं की उपलब्धियों का जश्न मनाता प्रतीत होता है। पदक के रंग को प्रदर्शित करते हुए उसे शुभंकर के पेट पर सिल दिया गया है, उसके जूतों को सुशोभित करता है, और उसकी पीठ पर 'ब्रावो' लिखे अक्षरों में हाइलाइट किया गया है।

# धोनी ने बुमराह को बताया पसंदीदा गेंदबाज, बोले बल्लेबाज बताना मुश्किल




**कोलंबो (एजेंसी)।** रांची (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि उनके पसंदीदा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह है। धोनी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि बुमराह अभी के दौर के उनके सबसे पसंदीदा गेंदबाज हैं और वह उनकी गेंदबाजी देखने का आनंद उठाते हैं। वहीं धोनी ने कहा कि उनके लिए अपना पसंदीदा गेंदबाज चुनना आसान है, क्योंकि वह बुमराह हैं पर बल्लेबाज चुनना कठिन है, क्योंकि इतने सारे अच्छे बल्लेबाज खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह नहीं है है कि हमारे गेंदबाज अच्छा नहीं कर है पर उनका मानना है कि इतने सारे बल्लेबाजों में से एक को चुनना कठिन है। वह किसी एक को नहीं चुनना चाहते। उम्मीद है कि वे सभी रन बनाते रहेंगे।

बुमराह की प्रशंसा आज दुनिया के कई दिग्गज क्रिकेटर करते हैं। उन्होंने भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज के तौर पर अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभाई है। टी20 विश्वकप में वह अर्शदीप सिंह के बाद दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने 8 मैचों में कुल 15 विकेट लिए पर उनका इकॉनमी रेट सबसे बेहतर रहा। उन्होंने पूरे विश्व कप टूर्नामेंट के दौरान केवल 4.17 के इकॉनमी रेट से रन दिये जबकि टी20 क्रिकेट में ऐसा करना काफी कठिन माना जाता है।

# श्रीलंका के खिलाफ विराट कोहली समेत अन्य खिलाड़ियों ने जानें क्यों बांधी है काली पट्टी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ मैच खेलने मैदान में उतरी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली लगभग नौ महीने बाद एक दिवसीय मैच खेलने मैदान में उतरे है। वनडे जर्सी में खिलाड़ियों को देखकर फैंस काफी खुश है। इस दौरान खिलाड़ी बांह पर काली पट्टी बांधे नजर आए है।

दरअसल खिलाड़ियों ने कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच के दौरान पूर्व सलामी बल्लेबाज और कोच अंशुमान गायकवाड़ को श्रद्धांजलि दी है। बीसीसीआई ने कहा, 'टीम इंडिया पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कोच अंशुमान गायकवाड़ की याद में आज काली पट्टी बांध रही है, जिनका बुधवार को निधन हो गया था।'

गायकवाड़ ने कैंसर से जंग के बाद बुधवार (जुलाई) को वडोदरा में अंतिम सांस ली। गायकवाड़ का अंतरराष्ट्रीय करियर एक दशक से भी ज्यादा लंबा रहा, जिस दौरान उन्होंने 40 टेस्ट मैच और 15 वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। अपनी ठोस तकनीक और दृढ़ निश्चय के लिए जाने जाने वाले, उन्होंने तेज गेंदबाजी के कुछ बेहतरीन दौरों का सामना करते हुए दृढ़ निश्चय दिखाया, उस समय जब सुरक्षात्मक उपकरण बहुत कम थे।

उच्चतम स्तर के बल्लेबाज के रूप में, श्री गायकवाड़ को सबसे ज्यादा 1976 में जमैका में खेली गई उनकी 81 रनों की साहसिक पारी के लिए याद किया जाता है, जहां उन्होंने कठिन पिच पर क्रूर गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना किया था, तथा 1983 में जालंधर में पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई 201 रनों की पारी के लिए याद किया जाता है, जहां उन्होंने 671 मिनट तक बल्लेबाजी की थी। उनका घरेलू रिकॉर्ड भी शानदार रहा, उन्होंने 200 से अधिक प्रथम श्रेणी मैचों में भाग लिया, जिसमें उन्होंने 34 शतकों और 47 अर्द्धशतकों सहित 12,000 से अधिक रन बनाए।

अपने खेल के दिनों के बाद भी गायकवाड़ ने भारतीय क्रिकेट की सेवा करना जारी रखा। उन्हें 1997 में मुख्य कोच नियुक्त किया गया और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने टीम को उल्लेखनीय सफलताएँ दिलाईं। उनके मार्गदर्शन में भारत ने 1998 में शारजाह में त्रिकोणीय टूर्नामेंट में विजय हासिल की तथा 1999 में नई दिल्ली में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच में अनिल कुंबले ने ऐतिहासिक 10-74 रन बनाए।

बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने इसे भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत बड़ी क्षति बताया। -अनुषुमान गायकवाड़ का निधन भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत बड़ी क्षति है। खेल के प्रति उनका समर्पण, लचीलापन और प्यार बेमिसाल



था। वह सिर्फ एक क्रिकेटर ही नहीं थे, बल्कि कई लोगों के लिए एक गुरु और दोस्त भी थे। क्रिकेट समुदाय उन्हें बहुत याद करेगा और उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं, जो इस क्षति से उबर रहे हैं।'

# श्रीलंकाई टीम को खेल के हालातों को समझना होगा : जयसूर्या

कोलंबो । श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के अंतरिम कोच सनथ जयसूर्या ने कहा कि उनकी टीम के खिलाड़ियों को जीत दर्ज करने के लिए खेल के प्रति जागरुकता बढ़ानी होगी। जयसूर्या के अनुसार उनकी टीम भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी और उसने एक के बाद एक विकेट खोये। उनके बल्लेबाजों ने कई बार अच्छी स्थिति में होने के बाद लगातार विकेट खोये जिससे टीम को 0-3 से हार का सामना करना पड़ा है। जयसूर्या ने कहा, 'मुझे टीम में प्रतिबद्धता की कमी नहीं दिखती पर उन्हें दबाव से बेहतर तरीके से निपटना होगा। उन्हें मैच के हालातों को लेकर अपनी समझ बेहतर करनी होगी। हम इस हार की जिम्मेदारी ले रहे हैं। आप इससे दूर नहीं जा सकते। उन्होंने कहा, 'जब तक उन्हें इस बात का एहसास होगा हमें तब तक उन्हें विश्वास और समर्थन देते रहना होगा। जयसूर्या ने कहा कि बल्लेबाजों को लगातार छक्के लगाने की जरुरत नहीं है क्योंकि हमारे मैदान बड़े है और चौके तथा दो रन दौड़कर लेने से भी स्कोर बना जाता है। उन्होंने कहा, 'जब आप पावर हिटिंग के बारे में बात करते हैं, तो मुझे नहीं लगता कि आपको उसकी जरुरत है। अगर आप पर्याप्त चौके और पर्याप्त दो रन लेते हैं, तो आपको वह स्कोर मिल जाता है जिसकी आपको जरूरत है। ऐसे में आप छक्के मारे बिना भी काम पूरा कर सकते हैं। इस पूर्व दिग्गज हरफनमौला ने कहा कि खिलाड़ियों को टी20 श्रृंखला जैसे खराब प्रदर्शन के बाद आलोचना स्वीकार करने के लिए तैयार रहना चाहिए। साथ ही कहा कि सभी खिलाड़ियों को इस प्रकार के हालातों का सामना करना पड़ता है।

